उज्जैन
शनिवार
08
अगस्त, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-276
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 ▶ इंदौर से महू का बस किराया अब 46 देवास का 74 तो उज्जैन का 112 रुपए
7 ▶ भारत- श्रीलंका टेस्ट मैच में दर्शकों को फ्री इंट्री

### पीएम स्वतंत्रता दिवस पर युवाओं को संबोधित करें : अभिजीत दीपके

**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने कहा कि इस स्वतंत्रता दिवस पर हम चाहते हैं कि प्रधानमंत्री देश के युवाओं को संबोधित करें। उन्होंने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट कर लिखा- हम प्रधानमंत्री से अनुरोध करते हैं कि वे बताएं कि सरकार शिक्षा, बेरोजगारी और बढ़ती महंगाई के मुद्दों पर युवाओं के लिए क्या कदम उठा रही है। उन्होंने अपने पोस्ट के साथ एक लिंक शेयर करते हुए कहा, अगर आप इस बात का समर्थन करते हैं, तो पिटीशन पर साइन करें। शनिवार सुबह 4 बजे तक याचिका पर 32 हजार से ज्यादा लोगों ने साइन किए हैं। कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके सितंबर से देशभर में क्या बोलती पब्लिक अभियान शुरू करेंगे। दीपके ने गुरुवार को महाराष्ट्र के संभाजीनगर में यह घोषणा की था। उन्होंने कहा था कि हम गांव-शहर जाकर युवाओं से बात करेंगे। साथ ही, बेरोजगारी और महंगी शिक्षा को मुद्दा बनाएंगे।

### भारत पर 100% टैरिफ वाला बिल अमेरिकी सीनेट में पास

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी सीनेट ने 86-11 के बहुमत से भारत समेत 5 देशों पर 100% तक का टैरिफ लगाने वाला बिल पास कर दिया है। बिल के मुताबिक भारत, चीन, स्लोवाकिया, हंगरी और अजरबैजान पर 100% टैरिफ लगाया जा सकता है। यह बिल रिपब्लिकन और डेमोक्रेट दोनों पार्टियों के समर्थन से लाया गया। इसका मकसद रूस की तेल से होने वाली कमाई को कम करना है, ताकि उसकी युद्ध लड़ने की क्षमता कमजोर हो सके। 23 जुलाई को रूस से तेल और गैस खरीदने वाले देशों पर 100% तक टैरिफ लगाने का प्रस्ताव रखा गया था। बिल के शुरूआती मसौदे में 500% टैरिफ लगाने का प्रस्ताव था, लेकिन बाद में इसे घटाकर 100% कर दिया गया।

### बैंक ऑफ इंडिया क्रेडिट ऑफिसर भर्ती परीक्षा का एडमिट कार्ड जारी

**नई दिल्ली।** बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) ने क्रेडिट ऑफिसर (जनरल बैंकिंग ऑफिसर स्ट्रीम) भर्ती परीक्षा 2026 के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं। जिन अभ्यर्थियों ने इस भर्ती के लिए आवेदन किया है, वे बैंक की आधिकारिक वेबसाइट से अपना हॉल टिकट डाउनलोड कर सकते हैं। ऑनलाइन लिखित परीक्षा 16 अगस्त 2026 को देशभर के निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। बैंक की ओर से जारी सूचना के अनुसार, उम्मीदवारों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश के लिए एडमिट कार्ड के साथ वैध फोटो पहचान पत्र भी साथ रखना अनिवार्य होगा। बिना एडमिट कार्ड किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### एलआईसी का शानदार प्रदर्शन, पहली तिमाही में मुनाफा 22.81% बढ़कर ?13,492 करोड़

**मुंबई।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में मजबूत वित्तीय प्रदर्शन दर्ज किया है। 30 जून 2026 को समाप्त तिमाही के लिए कंपनी का कर पश्चात लाभ 22.81 प्रतिशत बढ़कर 13,492 करोड़ हो गया, जबकि पिछले वर्ष की समान तिमाही में यह 10,986 करोड़ था। एलआईसी के अनुसार, नए व्यवसाय के मूल्य में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। पहली तिमाही में वीएनबी 61.32 प्रतिशत बढ़कर 3,136 करोड़ पहुंच गया। वहीं शुद्ध वीएनबी मार्जिन में करीब 750 आधार अंकों की वृद्धि दर्ज की गई और यह 22.9 प्रतिशत रहा। 30 जून 2026 को समाप्त तिमाही में एलआईसी की कुल प्रीमियम आय 1,27,250 करोड़ रही, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 1,19,200 करोड़ के मुकाबले 6.75 प्रतिशत अधिक है।

### साइबर अपराध की जांच में बड़े बदलाव की तैयारी, इंस्पेक्टर रैंक से ऊपर के अधिकारी करेंगे जांच

**नई दिल्ली।** देश में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों की जांच को अधिक प्रभावी और पेशेवर बनाने के लिए केंद्र सरकार बड़ा बदलाव करने की तैयारी में है। केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) ने सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम में संशोधन का प्रस्ताव भेजा है, जिसके तहत साइबर अपराध के मामलों की जांच अब इंस्पेक्टर रैंक से ऊपर के पुलिस अधिकारियों से कराने का प्रावधान किया जा सकता है। यह जानकारी संसद की गृह मामलों की स्थायी समिति की कार्रवाई रिपोर्ट में सामने आई है, जिसे शुक्रवार को लोकसभा में पेश किया गया। रिपोर्ट के अनुसार गृह मंत्रालय ने यह संशोधन प्रस्ताव इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को भेजा है। यह कदम संसदीय स्थायी समिति की उस सिफारिश के बाद उठाया गया है, जिसमें कहा गया था कि साइबर अपराधों की जटिल प्रकृति को देखते हुए इन मामलों की जांच केवल वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से कराई जानी चाहिए, ताकि जांच की गुणवत्ता और प्रभावशीलता बढ़ाई जा सके।

### पाकिस्तान-सऊदी-तुर्किये के बीच रक्षा समझौता साइन

**इस्लामामाद।** पाकिस्तान, सऊदी अरब और तुर्किये ने शुक्रवार को सुरक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए डिफेंस पैक्ट साइन किया है। इसे मक्का जॉइंट डिफेंस पैक्ट कहा जा रहा है। समझौते के मुताबिक, अगर तीनों में से किसी एक देश पर हमला होता है, तो इसे तीनों देशों पर अटैक माना जाएगा। समझौते के तहत तीनों देश आपस में रक्षा सहयोग बढ़ाएंगे। इसके लिए संयुक्त सैन्य ट्रेनिंग, सुरक्षा से जुड़ी जानकारी साझा करने और सुरक्षा तालमेल बढ़ाने पर काम किया जाएगा। साथ ही तीनों देशों के बीच रणनीतिक सहयोग भी मजबूत किया जाएगा।

हाथकरघा क्षेत्र को प्रोत्साहन, पारंपरिक कला को संरक्षित करने तथा महिलाओं को रोजगार के अवसर उपलब्धर करवाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

# मुख्यमंत्री ने हैण्डलूम सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का शुभारंभ किया

## मृगनयनी एक जिला-एक उत्पाद पर आधारित देश का पहला सरकारी स्वामित्व वाला डिजिटल प्लेटफार्म बना, घर पर ही चरखा चलाकर महिलाएं बनेगी आत्मनिर्भर

ब्रह्मास्त्र ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्रं मोदी की मंशानुरुप हाथकरघा क्षेत्र को प्रोत्साहन देने, पारंपरिक कला को संरक्षित करने तथा स्थानीय महिलाओं एवं बुनकरों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। अब पुनः कॉटन और अन्यस कपड़ों का निर्माण कार्य उज्जैयन में प्रारंभ होगा। इस केंद्र पर महिलाओं को कार्य का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे घर पर ही चरखा चलाकर महिलाएं आत्मंनिर्भर बनेगी और उन्हेंप 15 से 20 हजार रुपए महिने की आय प्राप्त होगी। लूम के संचालन से रोजगार के अवसर बढ़ेगें कॉटन के साथ-साथ रेशम का उत्पोदन किए जाने पर भी योजना बनाई जाएगी। उक्तअ बात राष्ट्री य हाथकरघा दिवस के अवसर पर उज्जैनन में मुख्यपमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हैण्डलूम सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के शुभारंभ अवसर पर कही।

मुख्यपमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग के अंतर्गत संचालित मृगनयनी ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए देश का पहला सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू)के स्वामित्व वाला एक जिला-एक उत्पाद (ओडीओपी) केंद्रित डिजिटल प्लेटफॉर्म बनने का गौरव प्राप्त किया है। यह पहल न केवल मध्यप्रदेश के स्थानीय उत्पादों को डिजिटल पहचान प्रदान करेगी, बल्कि प्रदेश के कारीगरों, बुनकरों, शिल्पकारों और उद्यमियों के लिए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार के नए द्वार भी खोलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मुख्यन आतिथ्ये में शुक्रवार को बाबा साहब नातू सामुदायिक भवन, प्रशांति धाम के पास, इंदौर रोड में कौशल एवं तकनीकी विकास योजना अंतर्गत हैण्डलूम सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का शुभारंभ मुख्यडमंत्री डॉ. यादव ने किया। इस अवसर पर उन्होंनि सेंटर पर उपस्थित महिलाओं से चर्चा कर हथकरघा उद्योग के बारे में जानकारी ली। प्रशिक्षण केंद्र पर मुख्यिमंत्री डॉ. यादव ने चरखा भी चलाया। उन्हों ने कहा कि इस ट्रेनिंग सेंटर में प्रथम तल पर निरंतर प्रशिक्षण का आयोजन किया जाए ताकि अधिक से अधिक लोगों को रोजगार मिल सके। साथ ही भूतल पर पर बने उत्पादिों की बिक्री के लिए यहां पर शो-रूम भी बनाया जाए।



### भारत ने खादी के कपड़ों को पूरे विश्वर में पहुंचाया

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्योमंत्री डॉ. यादव ने कहा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्रम मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत में बने खादी के कपड़ों को पूरे विश्वर में पहुंचाया गया है। विगत 12 वर्षों में खादी ग्रामोद्योग के मुनाफे में आशा से अधिक 200 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पिछले वर्ष पीएम मित्रा पार्क का शिलान्या स धार में किया गया था। यह देश का सबसे बड़ा औद्योगिक पार्क बनेगा।इस अवसर पर सांसद श्री अनिल फिरोजीया ने कहा कि मुख्य मंत्री डॉ. यादव के द्वार आज एक ओर सौगात दी गई है। महिलाएं इससे निश्चि त रूप से स्वाविलंबी बनेगी।

### 6 माह का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा

कार्यक्रम में एसीएस कुटीर एवं ग्राम उद्योग के.सी. गुप्तो ने स्वाशगत भाषण देते हुए कहा कि मुख्यममंत्री डॉ. यादव की मंशा के अनुरुप खादी ग्रामोद्योग को बढ़ावा देने और हाथ करघे का प्रशिक्षण देने के लिए आज इस केंद्र का शुभारंभ किया गया है। पूरे प्रदेश में इसका विस्ताशरीकरण किया जाएगा। प्रशिक्षण के माध्यिम से अधिक से अधिक लोगों को रोजगार के अवसर प्रासत होंगे।
उल्लेपखनीय है कि हैण्डलूम सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में महिलाओं को लगभग 6 माह का बुनियादी हाथकरघा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं को हाथकरघा संचालन, बुनाई एवं कपड़ा निर्माण की तकनीकों में दक्ष बनाया जाएगा।
कार्यक्रम में महापौर मुकेश टटवाल, नगर निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव, विधायक बड़नगर जितेन्द्र पंड्या, उज्जैमन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रवि सौलंकी, पूर्व अध्ययक्ष जगदीश अग्रवाल, संजय अग्रवाल, राजेन्द्र भारती, आयुक्तक हाथकरघा निगम मदन कुमार, कलेक्टशर रौशन कुमार सिंह, आयुक्तर नगर पालिका निगम अभिलाष मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांस कूमट एवं अन्य गणमान्यर नागरिक उपस्थित थे।

नौ साल बाद बज सकती है चुनावी घंटी

# सम्राट विक्रमादित्य विवि में छात्र राजनीति सक्रिय

ब्रह्मास्त्र ▶▶ उज्जैन

करीब नौ साल के लंबे अंतराल के बाद मध्य प्रदेश में छात्रसंघ चुनाव की संभावनाओं ने एक बार फिर विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के परिसरों में छात्र राजनीति को सक्रिय कर दिया है। हाईकोर्ट के निर्देश और जबलपुर के छात्र अदनान अंसारी की जनहित याचिका के बाद प्रदेश सरकार ने सितंबर 2026 में छात्रसंघ चुनाव कराने की बात कही है। इसके बाद उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में भी छात्र संगठनों और संभावित छात्र नेताओं के बीच चुनाव को लेकर चचार्एं तेज हो गई हैं।

लंबे समय बाद चुनाव की संभावना को छात्र वर्ग लोकतांत्रिक प्रक्रिया की वापसी के रूप में देख रहा है। विद्यार्थियों का कहना है कि निर्वाचित छात्रसंघ के माध्यम से वे अपनी समस्याओं और मांगों को विश्वविद्यालय प्रशासन के सामने अधिक प्रभावी तरीके से रख सकेंगे। फीस, परीक्षा व्यवस्था, छात्रावास, पुस्तकालय, परिवहन, खेल सुविधाओं और अन्य शैक्षणिक मुद्दों को लेकर छात्र प्रतिनिधियों की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है।

### प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष चुनाव, बहस शुरू

चुनाव की औपचारिक घोषणा और प्रक्रिया तय होने से पहले ही प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष चुनाव प्रणाली को लेकर छात्र संगठनों के बीच मतभेद सामने आने लगे हैं। कुछ छात्र संगठन चाहते हैं कि विद्यार्थियों को सीधे मतदान के जरिए अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों का चुनाव करने का अधिकार मिले। उनका तर्क है कि प्रत्यक्ष चुनाव से छात्रसंघ अधिक लोकतांत्रिक और जवाबदेह बनेगा। वहीं दूसरी ओर कुछ छात्र प्रतिनिधि अप्रत्यक्ष चुनाव प्रणाली को बेहतर विकल्प मानते हैं। उनका कहना है कि इससे परिसर में राजनीतिक गतिविधियों को नियंत्रित रखते हुए छात्रों को प्रतिनिधित्व देने की व्यवस्था कायम की जा सकती है।

### नए चेहरों को मिल सकता है मौका

करीब नौ वर्षों से छात्रसंघ चुनाव नहीं होने के कारण विश्वविद्यालय परिसरों में छात्र राजनीति की सक्रियता सीमित रही है। ऐसे में चुनाव की संभावना ने नए छात्र नेताओं के लिए भी रास्ता खोल दिया है। विभिन्न छात्र संगठन संभावित प्रत्याशियों की तलाश, छात्रों के बीच संपर्क और चुनावी रणनीति बनाने की तैयारी में जुट सकते हैं। हालांकि अभी चुनाव की अंतिम प्रक्रिया, कार्यक्रम और नियमों को लेकर स्थिति स्पष्ट होना बाकी है। अब निगाहें सितंबर पर टिकी हैं। यदि निर्धारित समय में चुनाव होते हैं तो यह करीब नौ साल बाद प्रदेश के विश्वविद्यालय परिसरों में छात्र राजनीति की औपचारिक वापसी होगी। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में भी यह चुनाव नए छात्र नेतृत्व के उदय और विश्वविद्यालय की राजनीति में नई हलचल का आधार बन सकता है।

## पलकेश अग्रवाल बने लायंस क्लब उज्जैन कपल के नए अध्यक्ष

ब्रह्मास्त्र ▶▶ उज्जैन

लायंस क्लब उज्जैन कपल का संस्थापन समारोह और चार्टर नाइट 5 अगस्त को होटल वराय में आयोजित की गई। समारोह में द्वितीय वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर और संस्थापन अधिकारी लायन संजय सक्सेना ने सत्र 2026-27 के लिए नवनिर्वाचित अध्यक्ष लायन पलकेश अग्रवाल, सचिव लायन पूजा शर्मा, कोषाध्यक्ष लायन शुभम नागर और उनके संचालक मंडल को पद की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में प्रथम डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन पंकज मारू मुख्य अतिथि, रीजन चेयरपर्सन लायन विरेन्द्र मालपानी और नगर भाजपा अध्यक्ष लायन संजय अग्रवाल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। शुरूआत में निवर्तमान अध्यक्ष लायन वंदना अग्रवाल, सचिव लायन रेखा अग्रवाल और कोषाध्यक्ष लायन बबीता अग्रवाल ने अतिथियों का आत्मीय स्वागत कर सम्मान किया।

## न्याय तक पहुँच बढ़ाने पर वेस्ट जोन क्षेत्रीय कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ

ब्रह्मास्त्र ▶▶ इंदौर

ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में न्याय तक पहुँच बढ़ाने विषय पर आयोजित वेस्ट जोन क्षेत्रीय कॉन्फ्रेंस का मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया।

सम्मेलन में आमजन तक न्याय की आसान और प्रभावी पहुँच सुनिश्चित करने से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया जा रहा है। न्याय व्यवस्था को अधिक सुलभ और प्रभावी बनाने के साथ ही क्षेत्रीय स्तर पर न्यायिक सेवाओं को बेहतर करने के उपायों पर भी चर्चा होगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित न्यायाधीशों के पश्चिमी जोन क्षेत्रीय सम्मेलन में शामिल होने इंदौर पहुंचे।

इंदौर एयरपोर्ट पर मीडिया से चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नशे और ड्रग्स के खिलाफ प्रदेश सरकार की कार्रवाई को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा ड्रग्स और नशे के खिलाफ निर्धारित डेडलाइन 2029 के अनुरूप मध्यप्रदेश सरकार पूरी तत्परता के साथ कार्य कर रही है।

उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा आसपास के सात राज्यों के साथ समन्वय स्थापित कर नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।

नशे के कारोबार से जुड़े बड़े कारोबारियों, ड्रग्स नेटवर्क और सिंडिकेट पर कार्रवाई करते हुए महत्वपूर्ण सफलताएं हासिल की गई हैं।

## एमपी में अब वनकर्मियों पर सीधे नहीं होगी एफआईआर

ब्रह्मास्त्र ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में अब वन और वन्यजीवों की सुरक्षा के दौरान गोली चलाने वाले वनकर्मियों पर सीधे आपराधिक मामला दर्ज नहीं किया जा सकेगा। सरकार ने शुक्रवार, 7 अगस्त को इसके लिए नई अधिसूचना जारी की है। अब यह पहले जांच होगी कि वनकर्मी ने हथियार का इस्तेमाल जरूरी, उचित परिस्थितियों में और ड्यूटी के दौरान किया था या नहीं। यदि जांच में हथियार का इस्तेमाल अनावश्यक, अनुचित या दुर्भावना से किया जाना साबित नहीं होता, तो वनकर्मी के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई नहीं होगी। वहीं, जांच में गलती सामने आने और राज्य सरकार द्वारा जांच रिपोर्ट स्वीकार किए जाने के बाद ही पुलिस आपराधिक कार्रवाई या गिरफ्तारी कर सकेगी।




### पहले होगी मजिस्ट्रियल जांच

हथियार चलाने की हर घटना की जांच उस क्षेत्र के अधिकार क्षेत्र वाले कार्यपालिक दंडाधिकारी (एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट) द्वारा कराई जाएगी। जांच में यह देखा जाएगा कि वनकर्मी ने किन परिस्थितियों में हथियार चलाया और उसका इस्तेमाल जरूरी तथा उचित था या नहीं।

# हिमाचल में यात्रियों से भरी बस पटलने से 7 की मौत

## 50 मीटर नीचे दूसरी सड़क पर गिरी, अंदर फंसे एक दूसरे पर गिरे लोग

ब्रह्मास्त्र ▶▶ भरमौर

हिमाचल प्रदेश के चंबा में शनिवार सुबह एक प्राइवेट बस पलट गई। जिससे 7 लोगों की मौत हो गई। जिसमें एक युवती, 2 महिलाएं और चार पुरुष शामिल हैं। जबकि 11 यात्री घायल बताए जा रहे है। जिन्हें तीसा अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं, जहां उनका इलाज चल रहा है।

एसपी विजय कुमार सकलानी ने बताया कि बस सुबह 7 बजे बैरागढ़ से चंबा के लिए चली थी। बैरागढ़ से कुछ ही दूरी पर शर्मा कोच बस चालुंज मोड़ के पास बेकाबू होकर पलटी, फिर दूसरी सड़क पर जा गिरी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार- बस पलटते ही मौके पर चीख पुकार मच गई। अंदर फंसे लोग एक दूसरे पर जा गिरे। जेसीबी की मदद से बस को हटाया गया, फिर अंदर फंसे मृतकों और घायलों को बाहर निकाला गया।

### 25 के करीब यात्री सवार थे

- प्रारंभिक सूचना के अनुसार- बस में लगभग 25 यात्री सवार थे। अति दुर्गम क्षेत्र की वजह से प्रशासन संपर्क नहीं कर पा है। इससे मृतकों और घायलों का सही आंकड़ा आने में वक्त लग रहा है।
- प्रशासनिक अधिकारियों के मौके पर पहुंचने और जांच पूरी होने के बाद ही हादसे में हुए जान-माल के नुकसान की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। मृतकों की संख्या में अभी ओर इजाफा हो सकता है।

लॉरेंस गैंग से सुरक्षा के लिए तैनात थे, ऑन ड्यूटी गिरे

# सलमान खान के गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर पुलिसकर्मी की मौत

ब्रह्मास्त्र ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड स्टार सलमान खान के घर के बाहर तैनात पुलिसकर्मी की मौत हो गई है। रिपोर्ट में इसकी वजह हार्ट अटैक बताई जा रही है।

आईएएनएस की रिपोर्ट के मुताबिक, मुंबई पुलिस के एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि कॉन्स्टेबल गणेश सलमान खान के घर के बाहर तैनात थे। उनकी उम्र 41 साल थी। वे उन पुलिसकर्मियों में शामिल थे, जो लॉरेंस बिश्नोई से सलमान की सुरक्षा के लिए तैनात किए गए थे।

कॉन्स्टेबल गणेश अचानक बीमार होकर गिर पड़े। मौके पर मौजूद दूसरे पुलिसकर्मी उन्हें पास के अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि उनकी मौत हार्ट अटैक से हुई। सलमान खान के घर पर अभी निगरानी रखी जा रही है और उन्हें पुलिस सुरक्षा दी गई है।

**सलमान को वाय+ कैटेगरी की सुरक्षा 24 घंटे 11 जवान साथ रहते हैं**

### फायरिंग का मकसद सलमान को डराना था

2023 में लॉरेंस गैंग से धमकी मिलने के बाद ही सलमान की सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। उन्हें महाराष्ट्र सरकार की तरफ से वाय+ कैटेगरी की सुरक्षा मिली हुई है। 11 जवान हर समय साथ रहते हैं, इसमें एक या दो कमांडो और 2 पीएसओ भी शामिल होते हैं। सलमान की गाड़ी के आगे और पीछे एस्कॉर्ट करने के लिए दो गाड़ियां हमेशा रहती हैं। इसके साथ-साथ सलमान की गाड़ी भी पूरी तरह बुलेटप्रूफ है। गैलेक्सी अपार्टमेंट पर हुई फायरिंग के बाद जनवरी में सलमान के अपार्टमेंट की बालकनी बुलेटप्रूफ कर दी गई है। साथ ही हाई रेजोल्यूशन कैमरे भी चारों तरफ लगाए गए हैं। बाद की जांच में सामने आया कि फायरिंग का मकसद सलमान खान को डराना था। यह हमला लॉरेंस गैंग के कहने पर किया गया था। लॉरेंस 2022 में पंजाबी स्टार सिद्धू मूसेवाला की हत्या के बाद चर्चा में आया था। उसने हम साथ-साथ हैं की शूटिंग के दौरान काले हिरण के शिकार मामले में कथित तौर पर शामिल होने के लिए सलमान को खुलेआम जान से मारने की धमकी दी है।

**2024 में गैलेक्सी अपार्टमेंट पर चलाई गई थीं गोलियां-** 14 अप्रैल 2024 को दो बाइक सवार लोगों ने बांद्रा स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर फायरिंग की थी। फायरिंग के वक्त सलमान अपने घर में ही थे। घटना के बाद सलमान के घर के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई थी।

## बारिश-लैंडस्लाइड के कारण अमरनाथ यात्रा जम्मू में रोकी

ब्रह्मास्त्र ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर में बारिश और लैंडस्लाइड के कारण शनिवार को जम्मू से अमरनाथ फिर से यात्रा रोक दी गई। 11 अगस्त तक जम्मू क्षेत्र में तेज बारिश-बाढ़ और लैंडस्लाइड की आशंका है।

राजधानी दिल्ली में शुक्रवार को तेज बारिश हुई। दिल्ली-गुरुग्राम को जोड़ने वाले हाईवे समेत कई प्रमुख सड़कों पर चार फीट तक पानी भर गया। इससे गाड़ियां बीच रास्ते में फंस गईं। कई इलाकों में लंबा ट्रैफिक जाम लग गया।

मौसम विभाग ने शनिवार को भी दिल्ली के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। अगस्त के पहले सप्ताह में दिल्ली में अब तक 127 मिमी बारिश हो चुकी है, जो 2011 के बाद सबसे ज्यादा बारिश है। यूपी में 25 दिनों से जारी भारी बारिश से नदियां उफान पर हैं। काशी में गंगा का जलस्तर बढ़ने से घाट डूब गए हैं और 84 घाटों का संपर्क टूट गया है। 50-60 छोटे मंदिरों में भी पानी घुस गया है। आगरा में सड़क धंसने से 20 फीट गहरा गड्ढा हो गया।



ब्रह्मास्त्र
उज्जैन, शनिवार 8 अगस्त, 2026



## खबर एक नजर...

### भोपाल में उज्जैन के निशानेबाजों का दबदबा, मानवीर सिंह बेस ने जीता रजत पदक

**उज्जैन।** भोपाल में 4 से 7 अगस्त तक आयोजित 13वीं वेस्ट जोन शॉटगन शूटिंग चैंपियनशिप में उज्जैन राइफल एसोसिएशन के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। संस्था के मानवीर सिंह बेस ने शॉटगन मास्टर मेन वर्ग में रजत पदक जीतकर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई कर लिया है। प्रतियोगिता में उज्जैन के अभिषेक सिंह राठौर और दिव्य रतन सिंह लालगढ़ ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपना स्थान सुनिश्चित किया है। इस चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात और दादर नगर हवेली सहित संपूर्ण वेस्ट जोन से 350 से अधिक खिलाड़ियों ने सहभागिता की थी। उज्जैन राइफल एसोसिएशन के प्रशिक्षक अक्षय सिंह ने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि जो भी खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त करेगा, उसे संस्था द्वारा प्रतिवर्ष निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। संस्था के खिलाड़ी लगातार स्वर्ण और रजत पदक जीतकर उज्जैन का नाम रोशन कर रहे हैं।

### 80वें स्वतंत्रता दिवस पर बूथ स्तर तक होंगे आयोजन

**उज्जैन।** भारतीय जनता पार्टी केशव नगर मंडल की संगठनात्मक बैठक मंडल अध्यक्ष गजेंद्र खत्री के नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक में जनसंघ काल से जुड़े वरिष्ठ कार्यकताओं, संगठन के पुराने समर्पित नेताओं और श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के कारसेवकों का शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि वरिष्ठ कार्यकताओं का अनुभव और मार्गदर्शन ही संगठन की सबसे बड़ी शक्ति है। मीडिया प्रभारी नंदन चावड़ा ने बताया कि बैठक में नगर निगम सभापति कलावती यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष संजय अग्रवाल, उपाध्यक्ष मुकेश यादव, प्रदेश आईटी संयोजक हितेश नामदेव, नगर जिला महामंत्री कमलेश बैरवा, मंडल प्रभारी उमेश सेंगर, वरिष्ठ पार्षद एल्डरमैन शैलेंद्र (कालू यादव), प्रेमलता बैंडवाल, वरिष्ठ नेता किशोर खंडेलवाल, राम भागवत, संजय ठाकुर, सुहास वैद्य, मंडल महामंत्री कपिल टाक और गोपाल बलवानी सहित मंडल के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मजदूरों का 25 लाख का बीमा कराने की उठाई आवाज

**उज्जैन।** शहर में चल रहे निर्माण कार्यों में सुरक्षा में लापरवाही के कारण मजदूरों की मौत का सिलसिला जारी है। मंछामन आवासीय मल्टी के निर्माण के दौरान चौथी मंजिल से गिरकर 21 वर्षीय मजदूर बबलू की मौत के मामले में कांग्रेस पार्षदों ने कड़ा विरोध जताया है। शुक्रवार 7 अगस्त 2026 को नगर निगम नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षदों ने निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। पार्षदों ने निर्माण एजेंसी पर एफआईआर दर्ज करने और शहर में काम कर रहे सभी मजदूरों का 25 लाख रुपये का बीमा कराने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि 5 अगस्त 2026 को मंछामन मल्टी में निर्माण के दौरान चौथी मंजिल पर कार्यरत मजदूर बबलू (पिता गुलाब, उम्र 21 वर्ष) की गिरने से मृत्यु हो गई। इस मल्टी का निर्माण जयपुर की फर्म लीना इंफ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। डॉ. राय ने निगम प्रशासन से पूछा है कि क्या कंपनी द्वारा श्रम नियमों का पालन किया जा रहा था और श्रमिकों को सुरक्षा उपकरण दिए गए थे। उन्होंने मृतक के पीएफ, ईएसआई, श्रम विभाग में पंजीयन, प्राथमिक चिकित्सा सुविधा और घटना के समय इंजीनियर या सुपरवाइजर की उपस्थिति को लेकर भी सवाल खड़े किए हैं।

### लघुवेतन कर्मचारी संघ ने अजा आयोग के सदस्य को सौंपा ज्ञापन, जांच का मिला आश्वासन

**उज्जैन।** शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय लालपुर की प्रभारी प्राचार्य संध्या शर्मा पर कर्मचारियों को जातिसूचक शब्दों से प्रताड़ित करने और काम से निकालने की धमकी देने का आरोप लगा है। इस मामले में मध्य प्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने सर्किट हाउस में अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य रामलाल मालवीय को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही कर्मचारियों की अन्य लंबित समस्याओं से भी उन्हें अवगत कराया गया। संघ के जिलाध्यक्ष हेमराज घावरी के नेतृत्व में कर्मचारियों ने सर्किट हाउस पहुंचे अजा आयोग के सदस्य रामलाल मालवीय का स्वागत किया। इसके बाद प्रभारी प्राचार्य द्वारा की जा रही प्रताड़ना और डराने-धमकाने की शिकायत करते हुए ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन लेने के बाद आयोग के सदस्य मालवीय ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि संघ के पत्रों के आधार पर मामले की जांच चल रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि किसी भी कर्मचारी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा और उन्हें न्याय मिलेगा। मध्य प्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ के जिला सचिव मुकेश रायकवार ने बताया कि ज्ञापन सौंपने के दौरान अनुसूचित जाति अधिकारी कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष रतनलाल परमार, वाल्मीकि समाज अधिकारी कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष रवि सीहोते, गिरधारी लाल मालवीय, अखिलेश मंडोर, संतोष सीहोते और महेश मालवीय सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# इंदिरा नगर शाखा मैदान में खुले में खाली किया जा रहा सेप्टिक टैंक का मटेरियल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



शहर के इंदिरा नगर शाखा मैदान में सेप्टिक टैंक से निकला गंदा मटेरियल खुले में खाली किए जाने का मामला सामने आया है। बारिश के मौसम के बीच रहवासी क्षेत्र में इस तरह से सेप्टिक टैंक का अपशिष्ट खाली किए जाने से स्थानीय लोगों में नाराजगी है। रहवासियों का कहना है कि आसपास छोटे बच्चों के स्कूल होने के साथ ही बड़ी संख्या में बुजुर्ग और परिवार रहते हैं, ऐसे में खुले में गंदगी फैलाने से स्वास्थ्य संबंधी परेशानी का खतरा बना हुआ है।

स्थानीय लोगों के अनुसार सेप्टिक टैंक का मटेरियल खुले मैदान में खाली किया जा रहा है। बारिश होने के कारण इसके बहने और आसपास फैलने की आशंका भी बनी हुई है। इससे दुर्गंध, गंदगी और मच्छरों की समस्या बढ़ सकती है। रहवासियों का सवाल है कि लोग सेप्टिक टैंक इसलिए साफ करवाते हैं ताकि गंदगी और संभावित संक्रमण से बचा जा सके, लेकिन यदि निकला हुआ अपशिष्ट ही खुले रहवासी क्षेत्र में डाल दिया जाए तो समस्या और गंभीर हो सकती है।

रहवासियों ने बताया कि इंदिरा नगर शाखा मैदान के आसपास छोटे बच्चों के स्कूल भी हैं। इसके अलावा क्षेत्र में बुजुर्ग और परिवार रहते हैं। ऐसे में खुले में सेप्टिक टैंक का मटेरियल डाले जाने से दुर्गंध और गंदगी के साथ स्वास्थ्य संबंधी जोखिम की आशंका बनी हुई है। बारिश के दौरान अपशिष्ट पानी के साथ आसपास फैलने पर स्थिति और खराब हो सकती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सार्वजनिक स्थान पर इस प्रकार का अपशिष्ट डालना स्वच्छता व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करता है। लोगों ने नगर निगम से मांग की है कि मौके का निरीक्षण कर तत्काल अपशिष्ट हटाया जाए और भविष्य में ऐसी सामग्री को निर्धारित एवं सुरक्षित स्थान पर ही निस्तारित करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

रहवासियों का आरोप है कि जब उन्होंने मौके पर मौजूद नगर निगम कर्मचारियों से खुले में मटेरियल खाली किए जाने को लेकर आपत्ति जताई तो कर्मचारियों की ओर से उन्हें अपने काम से काम रखने और हस्तक्षेप नहीं करने की बात कही गई। इस रवैये को लेकर भी क्षेत्र के लोगों में नाराजगी है। नागरिकों का कहना है कि सार्वजनिक स्थान पर स्वच्छता और स्वास्थ्य से जुड़ी समस्या सामने आने पर सवाल उठाना उनका अधिकार है। उन्होंने नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों से मामले की जांच कराने और संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश देने की मांग की है।

### नगर निगम से तत्काल कार्रवाई की मांग

रहवासियों ने नगर निगम से मांग की है कि इंदिरा नगर शाखा मैदान में खुले में डाले गए सेप्टिक टैंक के मटेरियल को तत्काल हटाया जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि बारिश के मौसम में किसी रहवासी क्षेत्र, मैदान या स्कूल के आसपास इस प्रकार का अपशिष्ट खुले में न डाला जाए।

# 1.25 से सीधे 2 प्रति किलोमीटर किराया वृद्धि अनुचित एवं जनविरोधी - अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत

ग्राहकः एव राजा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मध्यप्रदेश परिवहन विभाग द्वारा साधारण बसों का किराया 1.25 प्रति किलोमीटर से बढ़ाकर सीधे 2 प्रति किलोमीटर कर दिया गया है। लगभग 60 प्रतिशत की यह एकमुश्त वृद्धि आम यात्रियों पर अत्यधिक आर्थिक बोझ डालने वाली है। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, जिला उज्जैन ने इस निर्णय का कड़ा विरोध करते हुए सरकार से तत्काल पुनर्विचार की मांग की है।

ग्राहक पंचायत मालवा प्रान्त के प्रचार प्रमुख डॉ.दिलीप कुमार मांदलिया ने कहा कि महंगाई के इस दौर में इतनी अधिक किराया वृद्धि किसी भी दृष्टि से न्यायसंगत नहीं है। विद्यार्थी, मजदूर, किसान, कर्मचारी, छोटे व्यापारी एवं प्रतिदिन बसों से आवागमन करने वाले हजारों यात्रियों पर इसका सीधा आर्थिक प्रभाव पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि यदि परिवहन विभाग किराया बढ़ाता है तो यात्रियों को भी उसी अनुपात में बेहतर सुविधाएँ मिलनी चाहिए। उज्जैन जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के कई स्थानों पर समय पर बसें उपलब्ध नहीं होतीं, यात्रियों को लंबे समय तक प्रतीक्षा करनी पड़ती है, अनेक बसें जर्जर अवस्था में संचालित हो रही हैं तथा स्वच्छता, सुरक्षा, बैठने की सुविधा एवं बस स्टैंडों पर पेयजल, शौचालय और प्रतीक्षालय जैसी मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव है।

### अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की प्रमुख मांगें

1.25 से 2 प्रति किलोमीटर की अत्यधिक किराया वृद्धि को तत्काल वापस लिया जाए अथवा चरणबद्ध एवं तर्कसंगत वृद्धि की जाए।

उज्जैन जिले के सभी प्रमुख एवं ग्रामीण मार्गों पर पर्याप्त संख्या में नियमित बसों का संचालन सुनिश्चित किया जाए।

बसों का समयबद्ध संचालन, स्वच्छता, सुरक्षा एवं यात्रियों की सुविधाओं में सुधार किया जाए।

बस स्टैंडों पर पेयजल, शौचालय, प्रतीक्षालय एवं डिजिटल सूचना प्रणाली जैसी मूलभूत सुविधाएँ विकसित की जाएँ।

निजी बस संचालकों द्वारा मनमाने किराए की वसूली एवं ओवरलोडिंग पर प्रभावी नियंत्रण रखा जाए।

बसों के फिटनेस, बीमा, फर्स्ट ऐड बॉक्स, किराया सूची, बस मालिक/ कंपनी के नाम सहित छपा हुआ टिकट, परिवहन विभाग का शिकायत नंबर आदि की जानकारी बस मे प्रदर्शित होना चाहिए।

यात्रियों को सुरक्षित, आरामदायक एवं गुणवत्तापूर्ण सार्वजनिक परिवहन उपलब्ध कराया जाए।

ग्राहक पंचायत के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री से आग्रह किया है कि जनहित को सर्वोपरि रखते हुए इस निर्णय की पुनः समीक्षा करें। संगठन ने स्पष्ट किया कि केवल किराया बढ़ाना समाधान नहीं है, बल्कि यात्रियों को बेहतर और विश्वसनीय परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना भी सरकार की जिम्मेदारी है। यदि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत जनहित में लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

### पलकेश अग्रवाल बने लायंस क्लब उज्जैन कपल के नए अध्यक्ष, नई कार्यकारिणी ने भी ली शपथ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

लायंस क्लब उज्जैन कपल का संस्थापन समारोह और चार्टर नाइट 5 अगस्त को होटल वराय में आयोजित की गई। समारोह में द्वितीय वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर और संस्थापन अधिकारी लायन संजय सक्सेना ने सत्र 2026-27 के लिए नवनिर्वाचित अध्यक्ष लायन पलकेश अग्रवाल, सचिव लायन पूजा शर्मा, कोषाध्यक्ष लायन शुभम नागर और उनके संचालक मंडल को पद की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम में प्रथम डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन पंकज मारू मुख्य अतिथि, रीजन चेयरपर्सन लायन विरेन्द्र मालपानी और नगर भाजपा अध्यक्ष लायन संजय अग्रवाल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। शुरूआत में निवर्तमान अध्यक्ष लायन वंदना अग्रवाल, सचिव लायन रेखा अग्रवाल और कोषाध्यक्ष लायन बबीता अग्रवाल ने अतिथियों का आत्मीय स्वागत कर सम्मान किया। समारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। राष्ट्रगान के बाद लायन कृतिका हिंगे ने ध्वज वंदना और विश्व शांति पाठ किया। लायन शुभम नागर ने चार्टर का वाचन किया। इस दौरान क्लब में शामिल हुए नए सदस्य लायन सुधीर राठौर, लायन सीमा राठौर, लायन गोविंद कनेसरिया और लायन प्रीती कनेसरिया को भी शपथ ग्रहण कराई गई। मुख्य अतिथि लायन पंकज मारू ने लायनिज्म के महत्व और सकारात्मकता पर अपने विचार रखे। वहीं, लायन संजय सक्सेना ने क्लब के विस्तार और विकास को लेकर सदस्यों का मार्गदर्शन किया।

# शिप्रा आरती विवादों में, हाईकोर्ट में जनहित याचिका लगाने की चेतावनी

### अधिवक्ता ने शासन-प्रशासन को भेजा कानूनी नोटिस, मंदिर अधिनियम के उल्लंघन और तीर्थ पुरोहितों के साथ भेदभाव का आरोप

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

रामघाट पर श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा हाल ही में शुरू की गई शिप्रा आरती को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। मालव रक्षा अनुष्ठान के संयोजक और अधिवक्ता सत्यनारायण पुरोहित ने इस आरती को अवैध और अधिकार क्षेत्र से बाहर बताते हुए शासन-प्रशासन को कानूनी नोटिस भेजा है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि मंदिर समिति द्वारा शुरू की गई आरती तत्काल बंद नहीं की गई, तो वे मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर करेंगे।

अधिवक्ता पुरोहित ने यह सूचना पत्र मध्य प्रदेश शासन के धर्मस्व विभाग के प्रमुख सचिव, उज्जैन संभाग आयुक्त, कलेक्टर एवं अध्यक्ष महाकाल मंदिर समिति, पुलिस अधीक्षक और मंदिर प्रशासक को भेजा है। नोटिस में आरोप लगाया गया है कि 6 अगस्त 2026 से मंदिर समिति ने रामघाट पर बैनर लगाकर बाहरी पंडितों और श्री महाकालेश्वर वैदिक प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान के बटुकों के माध्यम से आरती शुरू करवा दी है। उनका तर्क है कि श्री महाकालेश्वर मंदिर अधिनियम 1982 और उसकी नियमावली के तहत मंदिर प्रबंध समिति को शिप्रा आरती या शिप्रा नदी के संबंध में किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप करने का कोई वैधानिक अधिकार प्राप्त नहीं है।

नोटिस में उल्लेख किया गया है कि प्रशासन ने पूर्व से शिप्रा आरती कर रहे तीर्थ पुरोहितों को बिना कारण बताए बलपूर्वक रोका और उनका पूजन सामग्री एवं संगठन का सामान जब्त कर लिया। इसे भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन और पुरोहितों के साथ खुला भेदभाव बताया गया है। अधिवक्ता ने आरोप लगाया है कि आगामी सिंहस्थ के दौरान आर्थिक दोहन के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है, जिसमें वैदिक संस्थान के बटुकों का शारीरिक और मानसिक शोषण भी किया जा रहा है। अधिवक्ता सत्यनारायण पुरोहित ने 26 जून 2026 को नृसिंह घाट पर किए गए सत्याग्रह का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि अनुविभागीय दंडाधिकारी लक्ष्मीनारायण गर्ग ने झूठे आश्वासन देकर आंदोलन स्थगित करवाया था। पत्र में यह भी याद दिलाया गया है कि 17 फरवरी 2012 को संत एकलव्य जी के 18 दिवसीय अनशन के बाद शासन ने सिंहस्थ 2016 से पूर्व शिप्रा के संरक्षण की सभी व्यवस्थाएं करने का लिखित वचन दिया था, जिसे आज तक पूरा नहीं किया गया है। पत्र के अंत में स्पष्ट किया गया है कि परंपरागत रूप से की जा रही शिप्रा आरतियों को बाधित करना निरंकुश कृत्य है, जिसे नहीं रोका गया तो प्रशासन इसके परिणामों के लिए स्वयं उत्तरदायी होगा।

### जरूरतमंद बस्ती के बच्चों को शिक्षा की राह दिखा रहा पुनीत अभियान

# पार्ट टाइम पढ़ाने के लिए समाजसेवी शिक्षकों की जरूरत, लोगों ने पहल की सराहना की

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जरूरतमंद बस्तियों में रहने वाले छोटे बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से उज्जैन में एक सराहनीय पहल जारी है। बच्चों को पार्ट टाइम पढ़ाकर उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इस पुनीत कार्य से जरूरतमंद बच्चों को पढ़ाई का अवसर मिलने के साथ उनके भविष्य को बेहतर बनाने की दिशा में भी प्रयास हो रहा है। इस अभियान के तहत जरूरतमंद बस्ती के छोटे बच्चों को पढ़ाने के लिए समाजसेवी शिक्षकों की आवश्यकता है। शिक्षा के क्षेत्र में अपना समय देने के इच्छुक शिक्षक और समाजसेवी इस पहल से जुड़कर बच्चों को पढ़ाने में सहयोग कर सकते हैं। इसके साथ ही उच्च कक्षाओं में अध्ययनरत जरूरतमंद छात्र भी बच्चों को पढ़ाने के लिए आवेदन कर सकते हैं।



**थोड़ा समय, किसी बच्चे के भविष्य में बड़ा बदलाव-** इस पहल से जुड़े लोगों का कहना है कि समाज के सक्षम लोग यदि अपने समय में से कुछ घंटे बच्चों की पढ़ाई के लिए निकालें तो जरूरतमंद बच्चों को काफी मदद मिल सकती है। कई बच्चों को आर्थिक परिस्थितियों के कारण पढ़ाई के लिए पर्याप्त मार्गदर्शन नहीं मिल पाता। ऐसे में समाजसेवियों और विद्यार्थियों का सहयोग उनके लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। उज्जैन में चल रहे इस प्रयास की लोगों ने सराहना की है। नागरिकों का कहना है कि शिक्षा के माध्यम से जरूरतमंद बच्चों को आगे बढ़ाने का प्रयास समाज के लिए प्रेरणादायक है। लोगों ने अधिक से अधिक समाजसेवियों और विद्यार्थियों से इस पुनीत कार्य से जुड़ने की अपील की है।

#### इच्छुक लोग यहां करें संपर्क

पार्ट टाइम बच्चों को पढ़ाने के इच्छुक शिक्षक, समाजसेवी एवं उच्च कक्षाओं में अध्ययनरत जरूरतमंद छात्र निम्न नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं– प्रणव गौर – मो. 92051 37370 अमिताभ सुधांक्षु – मो. 8770083350 (केवल व्हाट्सऐप) आयोजकों का कहना है कि किसी जरूरतमंद बच्चे को शिक्षा से जोड़ने के लिए दिया गया समय उसके जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकता है।

### क्षीरसागर का नवीन कन्या विद्यालय बनेगा सांदीपनि विद्यालय, परिसर में 6 लाख से लगेंगे पेवर ब्लॉक

# विधायक कालुहेड़ा ने 11 छात्राओं को बांटी निःशुल्क साइकिल

### हर घर तिरंगा फहराने का किया आह्वान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

कानीपुरा रोड स्थित शासकीय नवीन कन्या उ.मा. विद्यालय क्षीरसागर को अब सांदीपनि विद्यालय के रूप में विकसित किया जाएगा। यह महत्वपूर्ण घोषणा उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालुहेड़ा ने शुक्रवार को विद्यालय में आयोजित निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए की। इस दौरान विधायक कालुहेड़ा ने 11 छात्राओं को साइकिलें वितरित कीं और परिसर में 6 लाख रुपये की लागत से पेवर ब्लॉक एवं डोम निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया।





### उत्कृष्ट परिणाम और पर्यावरण संरक्षण के लिए किया प्रेरित

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के पूजन के साथ हुआ। संस्था की प्राचार्य श्रीमती सपना गोथवाल ने अतिथियों का स्वागत किया। शासन की महत्वपूर्ण योजना 2026-27 के अंतर्गत विद्यालय की कुल 11 छात्राओं को उनके पालकों की उपस्थिति में निःशुल्क साइकिलें प्रदान की गईं। इस अवसर पर विधायक कालुहेड़ा ने छात्राओं को परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम लाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने सभी से स्वतंत्रता दिवस पर 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत अपने घरों पर तिरंगा फहराने की अपील की। विधायक ने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और आवश्यक आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी पहली प्राथमिकता है।

### कार्यक्रम में यह जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी रहे मौजूद

कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन श्रीमती अलका मिश्रा ने किया तथा अंत में आभार श्री कमलेश राजोरिया ने माना। इस गरिमामय अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष करुणा आनंद जैन, नगर उपाध्यक्ष अशोक कैथवास, ऋषि वर्मा, मंडल महामंत्री बसंत भारती, क्षेत्रीय पार्षद बबीता घनश्याम गौड़, पूर्व पार्षद राजेश सेठी और शिक्षक पालक संघ की अध्यक्ष पुनीता चौहान सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, विद्यालय परिवार के शिक्षकगण, छात्राएं और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### नाट्य समीक्षा : बड़े भाईसाहब

# नाटक के अनुसार संपूर्ण विकास के लिए पढ़ाई और खेलकूद दोनों जरूरी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

प्रख्यात कथाकार प्रेमचंद की जयंती के उपलक्ष्य में कालिदास अकादमी के अभिरंग नाट्यगृह में उनकी प्रसिद्ध कहानी ह्यबड़े भाईसाहबन्ह का नाट्य मंचन किया गया। प्रेमचंद नाटककार तो थे ही, उनकी कहानियों में भी नाटक के तत्व विद्यमान रहते हैं। उनकी कहानी ह्यबड़े भाईसाहबन्ह भी ऐसी ही रचना है जिसमें गजब की नाटकीयता है।

कहानी की कथावस्तु यह है कि दो भाई गांव से दूर शहर में पढ़ने आए हैं और वहीं हॉस्टल में रहते हैं। बड़े भाई की उम्र चौदह वर्ष और छोटे भाई की नौ वर्ष है। यूं तो बड़ा भाई छोटे भाई से पांच वर्ष बड़ा है, मगर वह उससे केवल तीन दर्जा (कक्षा) आगे है। बड़ा भाई एक साल की पढ़ाई दो-तीन साल में पूरा करता है और तर्क यह देता है कि इससे शिक्षा की नींव मजबूत होगी।

दोनों भाइयों के स्वभाव में बड़ा अंतर है। बड़ा भाई हमेशा पढ़ने में तल्लीन रहता है, जबकि छोटा भाई खेलकूद और पतंगबाजी में भी हिस्सा लेता है। इसके बावजूद छोटा भाई परीक्षा उत्तीर्ण कर लेता है। स्थिति यह बनती है कि छोटा भाई लगातार दो साल पास हो जाता है और बड़े भाई फेल। अब दोनों के बीच सिर्फ एक कक्षा का अंतर रह जाता है।

यहीं से दोनों भाइयों का अंतर्द्वंद्व आरंभ होता है। दो बार फेल हो जाने से बड़ा भाई छोटे को डांटना-फटकारना कम कर देता है, जिससे छोटे के मन में यह अहंकार आ जाता है कि अब बस एक कक्षा का अंतर बचा है और वह बड़े से बिल्कुल नहीं डरेगा। मगर बड़ा भाई अपनी जिम्मेदारी समझता है। वह छोटे को समझाता है कि उसके अनुशासन में रखने के कारण ही छोटा भाई उत्तीर्ण हो सका है।

उज्जैन
शनिवार
08
अगस्त, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उद्यमेन हि सिध्यन्ति कार्याणि न मनोरथैः।
न हि सुप्तस्य सिंहस्य प्रविशन्ति मुखे मृगाः।।

**अर्थः** दुनिया में कोई भी कार्य केवल सोच-विचार से ही पूर्ण नहीं होता, अपितु कार्य की पूर्ति के लिए कठिन परिश्रम करना पड़ता है, जैसे सोते हुए सिंह के मुंह में हिरण नहीं आता, बल्कि हिरण का शिकार करने के लिए शेर को दौड़ना पड़ता है।

## खबर एक नजर...

### इंदौर में आज से न्याय का मंथन, देशभर के न्यायाधीश करेंगे चर्चा

**इंदौर।** देशभर में न्याय व्यवस्था को अधिक सरल, सुलभ और जरूरतमंदों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के उपायों पर मंथन के लिए इंदौर शनिवार और रविवार को राष्ट्रीय स्तर का मंच बनेगा। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आयोजित पश्चिम क्षेत्रीय सम्मेलन में सुप्रीम कोर्ट और विभिन्न हाईकोर्ट के न्यायाधीश, विधिक सेवा प्राधिकरणों के प्रतिनिधि तथा कानून विशेषज्ञ भाग लेंगे। उद्घाटन भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत करेंगे। उद्घाटन सत्र में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष एवं सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस विक्रम नाथ, सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस मनमोहन, केंद्रीय कानून एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, मप्र हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश जस्टिस विवेक रूसिया, हाईकोर्ट के जस्टिस आनंद पाठक सहित पश्चिम क्षेत्र के राज्यों के न्यायाधीश मौजूद रहेंगे।

### इंदौर में तिब्बती व्यापारी ने किया सुसाइडःकमरे में फंदे पर लटका मिला शव

**इंदौर।** इंदौर के अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र में एक बिल्डिंग में किराए से रहने वाले तिब्बती व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वे देहरादून से इंदौर आए थे। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। अन्नपूर्णा क्षेत्र की सिल्वर पैलेस कॉलोनी स्थित साईं सुदर्शन बिल्डिंग के एक फ्लैट में किराए से रहने वाले सोनम (40) पिता गोप्पो जोरनी का शव शुक्रवार रात घर में मिला। उन्होंने फांसी लगाकर आत्महत्या की थी। पुलिस के मुताबिक, सोनम मूल रूप से देहरादून के रहने वाले थे। वह कुछ माह पहले ही इंदौर में किराए से रहने आए थे। बताया जाता है कि वह दशहरा मैदान में लगने वाले तिब्बती बाजार से जुड़े हुए थे। सोनम यहां अपनी संस्था भी संचालित करते थे। वह कपड़ों के व्यापार से जुड़े थे। शुक्रवार को उनकी पत्नी लगातार उन्हें कॉल कर रही थीं, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। इसके बाद पत्नी ने पड़ोसियों को कॉल किया। पड़ोसी करीब आधे घंटे तक दरवाजा खटखटाते रहे। दरवाजा नहीं खुलने पर पुलिस को सूचना दी गई। बताया जाता है कि सोनम हर साल ठंड के मौसम से पहले तिब्बती मार्केट की अनुमति लेने इंदौर आ जाते थे। उनके परिवार में दो बेटियां हैं, जो देहरादून में रहती हैं। फिलहाल पुलिस को कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। संस्था से जुड़े फिरोज, करीम और जेयू ने उनका शव फंदे से उतारा।

### हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजा इंदौर, कावड़ यात्रा में बड़ी संख्या में शामिल हुए लोग

**इंदौर।** महेश्वर से जल लेकर आई बाणेश्वरी कावड़ यात्रा शुक्रवार सुबह अन्नपूर्णा मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद शहर भ्रमण पर निकली। 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' के जयघोष के बीच निकली यात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। यात्रा अन्नपूर्णा से महूनाका, लालबाग, कलेक्टोरेट और हरसिद्धि होते हुए राजवाड़ा पहुंची, जहां देवी अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दुग्धाभिषेक किया गया। पूरे मार्ग में 300 से अधिक स्वागत मंचों से श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। यात्रा में युवाओं, महिलाओं, बच्चों के साथ बड़ी संख्या में बुजुर्ग श्रद्धालु भी शामिल हुए। श्रद्धालु हर्ष चौहान अपने डेढ़ वर्षीय बेटे चित्रांश को कंधे पर बैठाकर पूरी यात्रा में चले। उन्होंने बताया कि मन्नत पूरी होने पर वे बेटे को यात्रा में शामिल करने आए हैं। वहीं देपालपुर के अशोक ने बताया कि वे पिछले 20 वर्षों से महेश्वर से जल भरकर कावड़ यात्रा में शामिल हो रहे हैं और भोलेनाथ की कृपा से लंबी यात्रा में भी थकान महसूस नहीं होती।

### 700 से ज्यादा मामलों में दो 'पॉकेट गवाह' पड़े भारी

**इंदौर।** एक जैसे दो 'पॉकेट गवाह'... 700 से ज्यादा केस... और आखिरकार टीआई से एसआई। इंदौर पुलिस के चर्चित 'पॉकेट गवाह' विवाद में विभागीय जांच पूरी होने के बाद तत्कालीन खजराना टीआई और वर्तमान साइबर थाना प्रभारी दिनेश वर्मा पर बड़ी कार्रवाई हुई है। पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने उन्हें इंस्पेक्टर (टीआई) पद से पदावनत कर सब-इंस्पेक्टर (एसआई) बना दिया। वर्मा के ऊपर हुई कार्रवाई की वजह दो व्यक्तियों को कई बार सरकारी गवाह बनाए जाना माना जा रहा है। जांच में सामने आया कि जुआ, सट्टा, आबकारी और आर्म्स एक्ट समेत सैकड़ों मामलों में इरशाद और नवीन नाम के दो व्यक्तियों को बार-बार सरकारी गवाह बनाया गया था। यह मामला सुप्रीम कोर्ट में उठे स्टॉक विटनेस विवाद के बाद चर्चा में आया था, जिसके बाद प्रदेशभर में ऐसे मामलों की जांच के निर्देश दिए गए थे। पॉकेट गवाहों को लेकर चल रही विभागीय जांच में इंदौर पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने तत्कालीन खजराना टीआई और वर्तमान साइबर टीआई दिनेश वर्मा के खिलाफ कार्रवाई की है। जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद उन्हें टीआई के पद से डिमोट कर एसआई बना दिया गया है। मामला गुरुवार को मीडिया में आने के बाद सामने आया। वर्मा पर 700 से ज्यादा मामलों में एक जैसे पॉकेट गवाह इरशाद और नवीन को तैयार करने का आरोप था। इनमें जुआ-सट्टा, शराब और आर्म्स एक्ट से जुड़े मामले शामिल हैं। बताया जा रहा है कि इनमें करीब 80 प्रतिशत मामलों में आरोपियों को सजा हो चुकी है।

घर में ब्यूटी पार्लर, किराना शॉप या कोचिंग चलाने वाले भी निगम के रडार पर

# भोपाल में एक लाख प्रॉपर्टी पर ताला डलने का खतरा

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

अगर आपने अपने घर से ब्यूटी पार्लर, किराना दुकान, कोचिंग सेंटर, बुटीक, क्लिनिक या कोई अन्य कमर्शियल एक्टिविटि कर रखी है, तो सावधान हो जाइए। भोपाल नगर निगम ऐसे सभी मकानों का सर्वे कराने जा रहा है।

शुरूआती आकलन के मुताबिक शहर में करीब 1 लाख ऐसी प्रॉपर्टी हैं, जहां रिहाइशी मकानों का कमर्शियल यूज हो रहा है। जांच में नियमों का उल्लंघन मिलने पर नोटिस जारी होंगे।

कार्रवाई नहीं करने वालों की प्रॉपर्टी सील हो सकती है। सुप्रीम कोर्ट के निदेर्शों के बाद नगर निगम ने कार्रवाई तेज कर दी है।

नगर निगम को 15 सितंबर तक सुप्रीम कोर्ट में कार्रवाई की रिपोर्ट प्रस्तुत करनी है। इसके लिए भोपाल को 21 जोन में बांटकर विशेष सर्वे दल गठित किए गए हैं। नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने सर्वे टीमों का गठन कर दिया है।




ये टीमें हर जोन में गली-मोहल्लों से लेकर बड़ी कॉलोनियों तक उन रिहाइशी भवनों की जांच करेंगी, जहां व्यावसायिक गतिविधियां संचालित हो रही हैं। नगर निगम के डिप्टी कमिश्नर एवं कॉलोनी सेल प्रभारी भुवन गुप्ता ने बताया कि प्रारंभिक सर्वे रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत की थी।

अब पूरे शहर में सर्वे के लिए टीमें बना दी गई हैं। वाटर बॉडी और ग्रीन बेल्ट एरिया में भी सर्वे होगा। नगर निगम प्रॉपर्टी टैक्स रिकॉर्ड, सड़क की चौड़ाई और भवन के उपयोग का मिलान कर वास्तविक स्थिति का सत्यापन करेगा।

**सुप्रीम कोर्ट ने कार्रवाई जारी रखने को कहा-** 5 अगस्त की सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए। साथ ही मध्य प्रदेश हाईकोर्ट से दुकान संचालकों को मिले सभी अंतरिम राहत आदेश (स्टे) निरस्त कर दिए। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि उसके निदेर्शों के समानांतर कोई दूसरी जांच प्रक्रिया या समिति कार्रवाई में बाधा नहीं बन सकती। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने राज्य सरकार की ओर से पेश पक्ष पर नाराजगी जताई और कहा कि अवैध निर्माण तथा रिहाइशी भवनों के व्यावसायिक उपयोग के मामलों में कानून का सख्ती से पालन कराया जाए। इसके बाद नगर निगम ने शहर में व्यापक सर्वे और कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है।

एक्सपर्ट का कहना है कि सर्वे और कोर्ट में रिपोर्ट पेश होने के बाद सीलिंग की कार्रवाई होना तय है। हालांकि, सरकार तीन पहलुओं पर काम करे तो व्यापारियों को राहत मिल सकती है।

**पहला-** छोटे कारोबारी जैसे- ब्यूटी पार्लर, सैलून, कोचिंग, किराना दुकानों को छूट के दायरे में रख दें। आम तौर पर ये छोटे बिजनेस है।

**दूसरा-** लिंक रोड नंबर-1, 2-3, कोलार रोड, होशंगाबाद रोड, हमीदिया रोड, बैरागढ़ रोड, रायसेन रोड, 10 नंबर मार्केट, बिट्ठन मार्केट में मिक्स लैंड यूज व्यवस्था हो सकती है। इसमें आवासीय और व्यवसायिक दोनों ही तरीके से निर्माण हो सकेंगे। भोपाल चैंबर ऑफ कॉमर्स के सचिव अजय देवनानी का कहना है कि गुजरात में बड़ी सड़कों पर सरकार ने मिक्स लैंड यूज की व्यवस्था कर रखी है।

### 10 से 15 दिन में सर्वे, उसी दिन मिलेगा नोटिस

नगर निगम ने 10 से 15 दिनों में सर्वे पूरा करने का लक्ष्य रखा है। जहां नियमों का उल्लंघन मिलेगा, संबंधित संपत्ति मालिक को मौके पर ही नोटिस दिया जाएगा। निगम का अनुमान है कि करीब एक लाख नोटिस जारी हो सकते हैं।

नगर निगम के रिकॉर्ड में करीब 65 हजार व्यावसायिक संपत्तियां पंजीकृत हैं। वहीं, हजारों ऐसे मकान हैं जहां व्यवसाय चल रहा है, लेकिन व्यावसायिक कर जमा नहीं किया जा रहा और उपयोग परिवर्तन की अनुमति भी नहीं ली गई है।

बसों के नए किराए की सूची जारी

# इंदौर से महू का बस किराया अब 46 देवास का 74 तो उज्जैन का 112 रुपए

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

बसों का किराया बढ़ाए जाने के बाद परिवहन विभाग ने इंदौर से चलने वाली सामान्य बसों की नई किराया सूची शुक्रवार को जारी कर दी। इसके तहत इंदौर से महू तक का बस का किराया अब 46 रुपए लगेगा। वहीं देवास के 74, उज्जैन के 112, खरगोन के 280 तो बुरहानपुर के 400 रुपए देना होंगे। विभाग ने यह सूची बस ऑपरेटरों को दे दी है।

दरअसल, 5 साल बाद सरकार ने बसों का किराया बढ़ा दिया है। नई दरें 5 अगस्त से लागू हो गई हैं। आरटीओ प्रदीप शर्मा ने कहा सभी को शासन द्वारा निर्धारित किए गए नए किराए की सूची दे दी है। साथ ही बस ऑपरेटरों से कहा कि तय किराया ही लें, इससे ज्यादा नहीं। उन्होंने यात्रियों से भी कहा कि यदि बसों में तय किराए से ज्यादा लिया जाए तो विभाग को सूचना दें, संबंधित बस ऑपरेटर के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।




बसों का नया किराया पहले : साधारण बस का किराया 1.25 रुपए प्रति किमी। न्यूनतम किराया 7 रुपए था। अब : किराया 2 रुपए प्रति किमी हो गया है। न्यूनतम किराया 10 रुपए है।

**5 साल बाद बढ़ा बसों का किराया-** बसों का किराया करीब 5 साल बाद बढ़ाया गया है।

### ऑपरेटर बोले-संचालन काफी महंगा हो गया था

बस एसोसिएशन से जुड़े शिवसिंह गौड़, सुशील अरोरा और गोविंद शर्मा ने कहा डीजल, स्पेयर पार्ट्स, बीमा, टैक्स और संचालन लागत लगातार बढ़ती जा रही थी। ऐसे में किराया बढ़ाना जरूरी था। उन्होंने कहा किराया बढ़ने से बस ऑपरेटरों को थोड़ी राहत मिलेगी।

संगठन सृजनः पहले चरण की समीक्षा पूरी

# तीन माह बाद आएगा जिलाध्यक्षों का रिपोर्ट कार्ड

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एमपीसीसी) में 'संगठन सृजन' अभियान के तहत संगठनात्मक पुनर्गठन के पहले चरण की समीक्षा पूरी हो गई है। हाल ही में दतिया विधानसभा उपचुनाव में मिली जीत से उत्साहित कांग्रेस अब 11 अगस्त को होने वाली पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी (पीएसी) की बैठक में समीक्षा रिपोर्ट पेश करेगी। बैठक में 2028 विधानसभा चुनाव की रणनीति और संगठन को मजबूत करने पर मंथन होगा। दो दिन पहले दिल्ली में एआईसीसी के संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल और अभियान प्रभारी बामसी रेड्डी ने जिला प्रभारियों के कार्यों की सराहना करते हुए सभी को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। फिलहाल किसी जिले की अंतिम ग्रेडिंग नहीं की गई है। अगले तीन महीने के कामकाज के आधार पर जिलों को अ, इ, उ व ऊ श्रेणी में रखा जाएगा। बैठक में प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, उमंग सिंघार, दिग्विजय सिंह, कमलनाथ आदि शामिल होंगे। दतिया की सफलता के बाद बुलाई गई इस समीक्षा प्रक्रिया में प्रदेश के सभी 71 संगठनात्मक जिलों के प्रदर्शन व डिजिटल पोर्टल पर गतिविधियों के अपलोड की स्थिति का दो चरणों में अध्ययन किया गया।

# इंस्ट्राग्राम पर थाईलैंड ट्रिप का विज्ञापन देखकर बुकिंग

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के एरोड्रम क्षेत्र में रहने वाली एक युवती को इंस्ट्राग्राम पर थाईलैंड ट्रिप का विज्ञापन देखकर बुकिंग करना महंगा पड़ गया। साइबर ठगों ने कम किराए में थाईलैंड के फुकेट की ट्रिप और इंडिगो के साथ कोलैबोरेशन का झांसा देकर युवती से करीब 43 हजार रुपए ऐंठ लिए। 6 जुलाई को जब युवती इंदौर एयरपोर्ट पहुंची तो टिकट इनवैलिड निकला। इसके बाद ठगों के मोबाइल नंबर बंद हो गए।

एरोड्रम पुलिस के अनुसार पूर्वा सिंह निजी कंपनी में काम करती हैं। उन्होंने इंस्ट्राग्राम पर द टूरिंग साइट्स नाम से ट्रिप का विज्ञापन देखा था। इसके बाद 19 अप्रैल को उनके पास वॉट्सएप पर मैसेज आया। इसमें थाईलैंड ट्रिप की जानकारी और चार्ज बताए गए। अधिक राशि होने पर पूर्वा ने ट्रिप लेने से इनकार कर दिया।

इसके बाद आरोपियों ने उन्हें कम कीमत वाली ट्रिप का ऑफर दिया। युवती ने कंपनी से ट्रिप की डिटेल मांगी। आरोपियों की बातों पर भरोसा कर उन्होंने थाईलैंड के फुकेट जाने के लिए करीब 36 हजार रुपए में बुकिंग कराने की सहमति दे दी।

जब पूर्वा ने इतनी कम कीमत में ट्रिप मिलने पर संदेह जताया तो आरोपियों ने कहा कि उनकी कंपनी का इंडिगो फ्लाइट के साथ कोलैबोरेशन है। इसके बाद भुगतान के लिए लव गुप्ता नाम के व्यक्ति का बैंक अकाउंट दिया गया।

पूर्वा ने 18 मई को इस खाते में 10,800 रुपए ट्रांसफर किए। इसके बदले उन्हें दिल्ली से फुकेट के लिए 6 जुलाई की फ्लाइट का इनवॉइस भेजा गया। बाकी भुगतान 7 जून को करने की बात कही गई। साथ ही इंदौर से दिल्ली की फ्लाइट का ऑफर भी दिया गया, जिसका किराया 11,200 रुपए बताया गया। इसका भुगतान भी युवती ने कर दिया। 22 जून को पूर्वा ने वॉट्सएप नंबर पर कॉल किया, लेकिन संपर्क नहीं हुआ। मैसेज करने पर भी जवाब नहीं मिला। इसके बाद 26 जून को दूसरे नंबर से मैसेज आया। इसमें बताया गया कि पुराना नंबर किसी कारण से बंद हो गया है। आरोपियों ने बाकी भुगतान भी लव गुप्ता के खाते में करने को कहा। इस पर युवती ने करीब 22,500 रुपए और ट्रांसफर कर दिए। आरोपियों ने 3 जुलाई को ट्रिप से जुड़ी सभी डिटेल उपलब्ध कराने की बात कही। 3 जुलाई को जब पूर्वा ने मैसेज और कॉल कर ट्रिप की जानकारी मांगी तो आरोपियों से संपर्क नहीं हो सका। उन्होंने कंपनी की ई-मेल आईडी पर भी संपर्क किया, लेकिन वह भी गलत निकली। इसके बाद 6 जुलाई को पूर्वा टिकट लेकर इंदौर एयरपोर्ट पहुंचीं, जहां टिकट को इनवैलिड बताया गया। इसके बाद उन्होंने आरोपियों से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन सभी नंबर बंद मिले।

अंडरग्राउंड मेट्रोः बंगाली से पलासिया के बीच

# 5 हजार मकानों के नीचे से गुजरेगी टनल, रहवासियों में डर

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

छोटा गणपति (मल्हारगंज) में मेट्रो के अंडरग्राउंड स्टेशन की खुदाई से डरे रहवासियों के बीच अब बंगाली चौराहे से पलासिया के बीच बन रहे नए अलाइनमेंट ने हड़कंप मचा दिया है।

अब तक बताया जा रहा था कि अंडरग्राउंड ट्रैक कनाड़िया रोड के समानांतर गुजरेगा। हालांकि, हाल ही में वंदना नगर, गोयल नगर, साईंनाथ कॉलोनी, तिलक नगर और संविद नगर में मेट्रो द्वारा शुरू किए गए मिट्टी परीक्षण (सॉइल टेस्टिंग) से रहवासी भयभीत हैं।

अंडरग्राउंड टनल कनाड़िया रोड के नीचे से न जाकर सघन कॉलोनियों और हजारों मकानों के नीचे से गुजरने की तैयारी में है। इससे चिंतित रहवासी मेट्रो के जीएम आरएस राजपूत से मिलने पहुंचे और स्थिति स्पष्ट करने की मांग की। रहवासियों का तर्क है कि जब 200 फीट चौड़ी रोड उपलब्ध है, तो 2 से 3 हजार मकानों की नींव और ट्यूबवेल को खतरे में क्यों डाला जा रहा है?



**ऐसा रहेगा रूटः** बंगाली से पलासिया पुलिस लाइन तक टनल

मेट्रो के जीएम ने रहवासियों को अलाइनमेंट की जानकारी देते हुए बताया-

1. पहला अंडरग्राउंड स्टेशन : खजराना के बाद बंगाली चौराहे पर बनेगा।

**रूट का कर्वः** बंगाली चौराहे से मेट्रो कनाड़िया रोड छोड़कर लंबा टर्न लेगी।

**प्रभावित कॉलोनियांः** में शकुंतला हॉस्पिटल, गोयल नगर से होती हुई साईंनाथ कॉलोनी, वंदना नगर, तिलक नगर, पत्रकार कॉलोनी के मकानों के नीचे से गुजरेगी।

**2. दूसरा अंडरग्राउंड स्टेशनः** रवींद्र नगर गायत्री मंदिर के आगे पलासिया पुलिस लाइन के समीप बनेगा। यहां से एमजी रोड जाएगी।

**मेट्रो जीएम का दावा-** नींव से काफी नीचे होगी टनल, पहले जन-सर्वे करेंगे रहवासियों के विरोध पर जीएम राजपूत ने बताया अभी अलाइनमेंट और परीक्षण का काम चल रहा है। इसके बाद जन-सर्वे किया जाएगा, जिसमें टनल के ऊपर आने वाले मकानों को चिह्नित कर उनकी वर्तमान स्थिति दर्ज होगी। जीएम के अनुसार, टनल जमीन से 50 से 60 फीट की गहराई पर बनेगी, जबकि सामान्य मकानों की नींव 10 से 15 फीट गहरी होती है।

**रहवासी बोले-** आंदोलन करेंगे गोयल नगर रहवासी संघ और आसपास की कॉलोनियों के प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी है कि यदि अलाइनमेंट में बदलाव नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।

क्षमता से अधिक सवारियों के कारण यात्रियों को करना पड़ रहा असुविधाजनक सफर, आरटीओ और यातायात पुलिस से हस्तक्षेप की मांग

# इंदौर-उज्जैन मार्ग सहित सभी रूटों पर बसों की ओवरलोडिंग बनी परेशानी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर-उज्जैन मार्ग सहित उज्जैन पहुंचने वाले विभिन्न प्रमुख मार्गों पर संचालित प्राइवेट बसों में ओवरलोडिंग का मामला यात्रियों के लिए परेशानी का कारण बनता जा रहा है। बसों में निर्धारित क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाए जाने के कारण कई बार यात्रियों को सीट नहीं मिलती और उन्हें खड़े होकर सफर करना पड़ता है। भीड़भाड़ की स्थिति में यात्रियों को एक-दूसरे से सटकर यात्रा करने के लिए मजबूर होना पड़ता है।

यात्रियों का कहना है कि इंदौर-उज्जैन मार्ग पर दिनभर बड़ी संख्या में बसों का संचालन होता है। इसके अलावा देवास, नागदा, आगर, तराना, मक्सी और अन्य क्षेत्रों से उज्जैन आने-जाने वाली बसों में भी कई बार क्षमता से अधिक सवारियां बैठाने की शिकायतें सामने आती हैं। बसों में सीटें भर जाने के बाद भी रास्ते में यात्रियों को बैठाया जाता है और कई बार खड़े यात्रियों के साथ सफर जारी रखा जाता है।



सीटें फुल होने के बाद भी यात्रियों को बैठाने का आरोप

यात्रियों के अनुसार बस संचालक अधिक से अधिक यात्रियों को बैठाने के प्रयास में निर्धारित क्षमता का ध्यान नहीं रखते। बस की सभी सीटें भर जाने के बाद भी रास्ते में मिलने वाले यात्रियों को बस में बैठाया जाता है। इससे बस के अंदर अत्यधिक भीड़ हो जाती है। लंबे रूट पर सफर करने वाले यात्रियों को इस स्थिति में काफी परेशानी होती है। सबसे अधिक दिक्कत महिलाओं, बुजुर्गों, बच्चों और बीमार यात्रियों को होती है। भीड़ के कारण उन्हें बैठने की जगह नहीं मिलती और कई बार पूरे रास्ते खड़े होकर यात्रा करनी पड़ती है। यात्रियों का कहना है कि किराया पूरा लेने के बावजूद उन्हें अपेक्षित सुविधा नहीं मिलती। यात्रियों का सुझाव है कि प्रमुख बस स्टैंड और मार्गों पर विशेष जांच अभियान चलाया जाए। इसके अलावा सुबह और शाम के व्यस्त समय में भी बसों की निगरानी बढ़ाई जाए, क्योंकि इन्हीं समयों में यात्रियों की संख्या अधिक रहती है।

### सुरक्षा को लेकर भी चिंता

ओवरलोडिंग केवल यात्रियों की सुविधा से जुड़ा मामला नहीं है, बल्कि सड़क सुरक्षा से भी इसका सीधा संबंध है। क्षमता से अधिक सवारियां होने पर बस के अंदर आवाजाही मुश्किल हो जाती है। अचानक ब्रेक लगने या किसी आपात स्थिति में यात्रियों को बाहर निकलने में भी परेशानी हो सकती है। यात्रियों का कहना है कि सड़क पर चलने वाले वाहनों की नियमित जांच की जिम्मेदारी संबंधित विभागों की है। यदि बसों में लगातार क्षमता से अधिक सवारियां बैठाई जा रही हैं तो समय-समय पर जांच कर नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

### आरटीओ और यातायात पुलिस से हस्तक्षेप की मांग

यात्रियों ने आरटीओ और यातायात पुलिस से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि इंदौर-उज्जैन मार्ग के साथ ही उज्जैन से जुड़े सभी प्रमुख रूटों पर प्राइवेट बसों की नियमित जांच की जाए। बसों की निर्धारित यात्री क्षमता की जांच करने के साथ ही ओवरलोडिंग पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

### कार्रवाई नहीं हुई तो बढ़ सकती है परेशानी

यात्रियों का कहना है कि ओवरलोडिंग पर समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो समस्या और बढ़ सकती है। बस संचालकों के लिए यात्री सुरक्षा और नियमों का पालन प्राथमिकता होना चाहिए। वहीं संबंधित विभागों की नियमित निगरानी से ही व्यवस्था में सुधार संभव है। यात्रियों ने प्रशासन से मांग की है कि उज्जैन आने-जाने वाले सभी प्रमुख मार्गों पर संचालित बसों की जांच कराई जाए और नियमों का उल्लंघन करने वाले संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। इससे यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक और सम्मानजनक सफर उपलब्ध कराया जा सकेगा।

## शिवराज के सीहोर में 43% परिवार के पास नल-जल नहीं

**सीहोर।** मध्य प्रदेश में जल जीवन मिशन के तहत 77.21 प्रतिशत परिवारों तक नल जल पहुंचने का दावा किया जा रहा है, लेकिन जिला स्तर के आधिकारिक आंकड़े इस दावे से अलग तस्वीर दिखाते हैं। केंद्रीय कृषि मंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के गृह जिले सीहोर में करीब 43 प्रतिशत और विदिशा में करीब 33 प्रतिशत परिवारों तक अब भी नल का पानी नहीं पहुंचा है। वहीं, सतना, छतरपुर और सिंगरौली समेत प्रदेश के 8 जिलों में आधे से ज्यादा परिवार आज भी नल जल सुविधा से वंचित हैं। प्रदेश के 55 जिलों में से 23 जिलों में नल जल कवरेज 70 प्रतिशत से कम है। इनमें 8 जिलों की स्थिति सबसे खराब है, जहां आधे परिवारों तक भी नल जल नहीं पहुंच सका है। आधे परिवारों तक भी नहीं पहुंचा नल जल जल जीवन मिशन के जिला स्तरीय आंकड़ों के मुताबिक मऊगंज में 49.86 प्रतिशत, अशोकनगर में 46.53 प्रतिशत, पन्ना में 45.26 प्रतिशत, सतना में 43.34 प्रतिशत, अलीराजपुर में 42.78 प्रतिशत, छतरपुर में 42.77 प्रतिशत, सिंगरौली में 40.62 प्रतिशत और मैहर में केवल 40.20 प्रतिशत परिवारों के पास ही घरेलू नल जल कनेक्शन हैं। यानी इन आठ जिलों में आधे से अधिक परिवार अब भी नल जल सुविधा से वंचित हैं। रिपोर्ट के अनुसार सीहोर में 56.95 प्रतिशत और विदिशा में 66.67 प्रतिशत परिवारों तक ही नल जल पहुंचा है। इसका मतलब है कि सीहोर के करीब 43 प्रतिशत और विदिशा के करीब 33 प्रतिशत परिवारों को अभी भी नल का पानी उपलब्ध नहीं है। इनके अलावा जबलपुर, बड़वानी, डिंडोरी, टीकमगढ़, रतलाम, आगर-मालवा, मंदसौर, शाजापुर, गुना, नीमच, रीवा, शिवपुरी और सिधी जैसे जिले भी 70 प्रतिशत कवरेज के स्तर तक नहीं पहुंच सके हैं।

## 350 करोड़ की यूनिफॉर्म खरीदी पर अंतरिम रोक

**जबलपुर।** जबलपुर हाईकोर्ट ने सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए 350 करोड़ रुपए की यूनिफॉर्म खरीदी प्रक्रिया पर अंतरिम रोक लगा दी है। एक्टिंग चीफ जस्टिस विवेक रूसिया और जस्टिस प्रदीप मित्तल की पीठ ने राज्य सरकार से एक सप्ताह में जवाब मांगा है। पाठ्यपुस्तक निगम ने इस खरीदी के लिए खुला टेंडर निकाला था। अल्पसंख्यक पिछड़ा वर्ग पावरलूम बुनकर संघ सहित 3 संगठनों ने कोर्ट में दलील दी कि पाठ्यपुस्तक निगम ने मप्न भंडार क्क्रय नियम-2023 का खुला उल्लंघन किया है। इससे प्रदेश के पावरलूम और स्पिनिंग मिलों से जुड़े 2 लाख बुनकर परिवारों की आजीविका पर खतरा मंडराने लगा है। भंडार क्रय नियम 2023 के तहत राज्य उपक्रमों से सीधी खरीदी का नियम है। जिसमें हथकरघा बुनकरों, समितियों, महिला समूहों और स्थानीय सहकारी संस्थाओं से कपड़े व उससे बने उत्पादों की खरीदी अनिवार्य है।

## मंदिरों से घंटे, खेतों से बिजली के तार चोरी:पुलिस ने घेराबंदी कर 3 आरोपी को पकड़ा

**मुरैना ।** मुरैना जिले के बागचीनी थाना पुलिस ने मंदिरों से पीतल के घंटे और खेतों से बिजली के केबल व विद्युत उपकरण चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक आरोपी अभी फरार है। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने करीब 1.78 लाख रुपए का चोरी का माल, वारदात में इस्तेमाल औजार और मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस के अनुसार 5 अगस्त को ककरथा निवासी राजवीर पादव, वीरमपुरा निवासी मनोज शर्मा और छोटे सिंह का पुरा निवासी कुंअरपाल सिकरवार ने बागचीनी थाने में अलग-अलग शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतों में गांव के मंदिरों से पीतल के घंटे और खेतों से बिजली के केबल व अन्य विद्युत उपकरण चोरी होने की जानकारी दी गई थी। पुलिस ने तीन अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने संदिग्धों से पूछताछ की और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली कि कुछ युवक चोरी किए गए पीतल के घंटे बेचने के लिए मोटरसाइकिल से कुम्हेरी-हड़वासी नहर मार्ग से मुरैना की ओर जा रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर तीन आरोपियों को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने चार लोगों के साथ मिलकर चोरी की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया।

## नौकरी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, 7 आरोपी गिरफ्तार

**मुरैना।** मुरैना में स्टेशन रोड थाना क्षेत्र में ग्वालियर की एक युवती को नौकरी दिलाने का झांसा देकर मुरैना बुलाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को सभी सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, घटना एक निजी होटल में हुई, जिसके संचालक को भी मामले में आरोपी बनाया गया है। पीड़िता की सूचना पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई शुरू की थी। पुलिस के मुताबिक, ग्वालियर निवासी युवती की इंस्टाग्राम के माध्यम से शिवा परमार से पहचान हुई थी। आरोप है कि शिवा ने उसे निजी कंपनी में नौकरी दिलाने का झांसा देकर मुरैना बुलाया। इसके बाद वह युवती को स्टेशन रोड क्षेत्र स्थित एक निजी होटल में ले गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया गया। आरोप है, होटल में मौजूद पांच अन्य युवकों ने भी उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया।

# विकसित भारत-2047 के संकल्प को पूरा करेगी युवा पीढ़ी : मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छिंदवाड़ा में किया सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स से संवाद

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

हमारा प्रदेश विकास की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत 2047 के संकल्प की दिशा में आज की युवा पीढ़ी भारत और मध्यप्रदेश को नंबर-वन पर ले जाएगी। हम सभी को इसी दिशा में काम करना होगा। प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक सरकार द्वारा चलाई जा रही जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे, इसके लिए हमारी सरकार जन विश्वास अभियान चला रही है। सरकार के अधिकारी-कर्मचारी शिविर लगाकर हितग्राहियों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान करेंगे। प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी नौकरियों में लगातार भर्ती की जा रही है। अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रमोशन दिया जा रहा है।





### सशक्त और प्रभावी माध्यम है सोशल मीडिया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया अपनी बात को तेजी से जन-जन तक पहुंचाने का एक सशक्त और प्रभावी माध्यम बन चुका है। सकारात्मक, तथ्यपरक और समाज हित से जुड़े संदेशों के व्यापक प्रसार में कंटेंट क्रिएटर्स की महत्वपूर्ण भूमिका है। सोशल मीडिया के माध्यम से शासन की जन-कल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाले प्रयासों को अधिक प्रभावी ढंग से लोगों तक पहुंचाया जा सकता है। सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स अपनी रचनात्मकता और प्रभाव का उपयोग समाज में सकारात्मक वातावरण बनाने तथा जनहित के संदेशों को व्यापक स्तर पर प्रसारित करने के लिए करें। डिजिटल माध्यमों के बढ़ते प्रभाव के इस दौर में विश्वसनीय और सकारात्मक जानकारी का प्रसार समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं को रोजगार मिले, इसके लिए निवेश व उद्योग को बढ़ावा दिया जा रहा है।

# 3 जिलों में आज हैवी रेन का अलर्ट, पन्ना, सतना-रीवा में 4 इंच बारिश होने का अनुमान; भोपाल-इंदौर में बूंदाबांदी होगी

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

मध्य प्रदेश के 3 जिले- पन्ना, सतना और रीवा में शनिवार को हैवी रेन यानी, भारी बारिश का अलर्ट है। इन जिलों में अगले 24 घंटे में 4 इंच तक बारिश हो सकती है। वहीं, भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर-जबलपुर समेत 52 जिलों में बूंदाबांदी होने का अनुमान है। मौसम केंद्र के मुताबिक, प्रदेश में अब तक औसत 16.8 इंच (426.6 मिमी) बारिश हुई है, जबकि 21 इंच (533.6 मिमी) पानी गिर जाना था। इस तरह 4.2 इंच यानी, 20 प्रतिशत बारिश कम हुई है। इस सीजन में अब तक हुई बारिश कोटे की आधी भी नहीं है। प्रदेश की सामान्य बारिश 37.3 इंच है।

इससे पहले दतिया में शुक्रवार सुबह 4 घंटे के भीतर लगभग 1.57 इंच (40 मिमी) जबकि 24 घंटे में 3.5 इंच बारिश दर्ज की गई। इससे निचले इलाकों में जलभराव हो गया। इसके बाद स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई।

वहीं, भांडेर और सेवढ़ा ब्लॉक में कक्षा 8वीं से ऊपर के स्कूलों के संचालन का फैसला स्थानीय परिस्थितियों को देखते हुए संस्था प्रमुखों पर छोड़ा गया है। रायसेन जिले में भी शुक्रवार सुबह 15 मिनट की तेज और फिर रुक-रुक कर हुई बारिश से सड़कों पर पानी भर गया।



**इन 29 जिलों में कम बारिश-** मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश के पूर्वी हिस्से जैसे-जबलपुर, शहडोल, रीवा और सागर संभाग में 23 प्रतिशत कम बारिश हुई है। एक भी जिला ऐसा नहीं है, जो आगे हो। अनूपपुर, बालाघाट, छतरपुर, छिंदवाड़ा, दमोह, डिंडौरी, जबलपुर, कटनी, मैहर, मंडला, मऊगंज, नरसिंहपुर, निवाड़ी, पांढुर्णा, पन्ना, रीवा, सागर, सतना, सिवनी, शहडोल, सीधी, सिंगरौली, टीकमगढ़ और उमरिया में 5 प्रतिशत से 48 प्रतिशत तक कम बारिश हुई है। वहीं, पश्चिमी हिस्से के भोपाल, इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम, ग्वालियर-चंबल संभाग में 17 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है। आगर-मालवा, आलीराजपुर, अशोकनगर, बैतूल, भोपाल, दतिया, धार, गुना, हरदा, इंदौर, झाबुआ, मुरैना, मंदसौर, नर्मदापुरम, नीमच, रायसेन, राजगढ़, रतलाम, सीहोर, शाजापुर, श्योपुर, शिवपुरी, उज्जैन, बड़वानी और विदिशा में औसत से कम पानी गिरा है।

सीधी जिले के भंवरसेन घाट पर शुक्रवार सुबह हुई तेज बारिश के कारण सोन नदी के पुल पर पानी भर गया। इसे बंद करने से करीब 40 गांवों का संपर्क मुख्यालय से कट गया है।

इसके अलावा भंवरसेन पहाड़ी से मिट्टी और पत्थर खिसककर सड़क पर आ रहे हैं। इससे हादसे की आशंका लगातार बनी हुई है। इसके अलावा खरगोन, सतना, उज्जैन, ग्वालियर, रीवा, सीधी और रायसेन सहित कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश हुई।

एक्सपर्ट की माने तो सामान्यतः कम बारिश होने पर सूखा तब घोषित किया जाता है, जब मानसूनी वर्षा में कमी सामान्य औसत से 25% या उससे अधिक हो। वहीं, फसलों की स्थिति, मिट्टी की नमी और भूजल स्तर पर इसका गंभीर प्रभाव पड़े। वर्तमान में प्रदेश के 49 जिलों में 5% से 48% तक पानी कम गिरा है। ऐसे में यहां सूखे के हालात बन रहे हैं।

बीमार बच्चे को कपड़े की पालकी में ले गए ग्रामीणः

रीवा के जवा जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत सोहावल खुर्द के आदिवासी बहुल गढ़ुआई टोला में सड़क की बदहाली ग्रामीणों के लिए बड़ी मुसीबत बनी हुई है। बरसात में कच्ची सड़क कीचड़ में तब्दील हो जाने से आवागमन मुश्किल हो जाता है। हालात यह हैं कि 12 वर्षीय बीमार बच्चे को इलाज के लिए ले जाने के लिए ग्रामीणों को कपड़े की पालकी बनानी पड़ी। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क खराब होने के कारण गांव तक वाहन पहुंचना भी मुश्किल हो जाता है।


जानकारी के मुताबिक, 12 साल के लाला कोल को तेज पेट दर्द-बुखार,उल्टी-

# फंदे पर झूली दुल्हन की 100 दिन बाद मौत

ब्रह्मास्त्र ›› ग्वालियर

मध्य प्रदेश के ग्वालियर में शादी के तीसरे दिन एक नवविवाहिता ने साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। ससुराल पक्ष ने उसे फंदे से उतारकर अस्पताल पहुंचाया। वह करीब 100 दिन तक जिंदगी और मौत से जूझती रही। 6 अगस्त को इलाज के दौरान मौत हो गई। मामला लक्ष्मणगढ़ गांव का है।

महाराजपुरा पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान गोरमी निवासी सपना गुर्जर (22) के रूप में हुई है। उसका



ग्वालियर और दिल्ली के अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चला, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। पुलिस ने बताया- लक्ष्मणगढ़ गांव निवासी पान सिंह गुर्जर के बेटे सौरभ गुर्जर की शादी 25 अप्रैल 2026 को भिंड जिले के गोरमी निवासी सपना गुर्जर से हुई थी। शादी के बाद सपना ससुराल पहुंची, जहां शादी की रस्में चल रही थीं। 28 अप्रैल की दोपहर घर में मुंह दिखाई की रस्म चल रही थी। इसी दौरान सपना बाथरूम जाने की बात कहकर गई। काफी देर तक बाहर नहीं आने पर परिजन उसे देखने पहुंचे। बाथरूम का दरवाजा खोलने पर सपना चढ़ावे में मिली साड़ी का फंदा बनाकर लटकी मिली। परिजन उसे तुरंत बिरला अस्पताल ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में उसे दिल्ली के एसएसबी अस्पताल रेफर किया गया।



# गुना में भतीजा महिला को साथ ले गया, तो चाचा को बंधक बनाया

## गाने लगाकर वीडियो वायरल किया

ब्रह्मास्त्र ›› गुना

गुना जिले के आरोन इलाके में सुसाइड करने वाले युवक के मामले में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। पहले कुछ लोगों ने युवक को बंधक बनाया, उसके हाथ बांधे और वीडियो बना लिया। इसके बाद वीडियो पर गाना लगाया और सोशल मीडिया पर डाल दिया। इसी से परेशान होकर युवक ने सुसाइड कर लिया। बता दें कि आरोन इलाके के अमरपुरा गांव में रहने वाला कजोड़ बंजारा(40) पिता दीपा बंजारा दूसरों के खेत पर मजदूरी करता था। शुक्रवार सुबह वह घर से अनाज लेकर आरोन बेचने के लिए गया। इसके बाद वह गांव वापस आ गया।

### लड़की भगाने को लेकर हुई मारपीट

कजोड़ के भाई जगदीश बंजारा ने बताया कि होरीबे गांव के लोगों के साथ उसकी पुरानी रंजिश चल रही थी। जून महीने में भी उन लोगों ने कजोड़ के साथ मारपीट की थी। इसकी उसने आरोन थाने, कलेक्टर कार्यालय और एसपी ऑफिस में भी शिकायत की थी। उसने बताया कि पूरा मामला कजोड़ के भतीजे द्वारा एक महिला को ले जाने से शुरू हुआ। कजोड़ का भतीजा होरीबे गांव की एक महिला को साथ ले गया था। उसने महिला को अपने साथ रख लिया था। उस महिला के परिवार को शक था कि महिला को ले जाने में कजोड़ ने अपने भतीजे की मदद की थी।



### जून महीने में बनाया बंधक

जून महीने में कजोड़ आरोन गया था। इसी दौरान महिला के परिवार वाले आए और कजोड़ को अपने साथ ले गए और बंधक बना लिया। इस दौरान उसके हाथ भी बांध दिए और उसके साथ मारपीट की। उसी समय उन लोगों ने कजोड़ के वीडियो भी बना लिए। जब कजोड़ वापस नहीं आया, तो उसके परिवार वाले पुलिस के पास पहुंचे। पुलिस ने दबिश देकर उसे छुड़वाया।

### पत्नी के साथ जाते समय की मारपीट

इसके बाद 12 जून को कजोड़ अपनी पत्नी और बच्चों के साथ इलाज कराने जा रहा था। इसी दौरान शेरपुर के घाटी के पास इन्हीं लोगों ने इसे रोक लिया। उसके साथ गाली गलौज और मारपीट भी की। इसके अलावा उसकी पत्नी के गहने, 25 हजार नकदी और बाइक भी इससे लूट ले गए। 15 जून को कजोड़ ने इसकी शिकायत एसपी से की। इसके अगले दिन कलेक्टर को भी शिकायती पत्र सौंपा था। कजोड़ को बंधक बनाने के दौरान आरोपियों ने उसके जो वीडियो बनाए थे, वो उन्होंने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। उसके हाथ बांधे हुए वीडियो में पीछे आवाज लगाई, जिसमें कहा जा रहा है कि ₹कब आएगा वो दिन, जब हम भीत एरी फोटो पर ये गाना लगाएंगे की दूल्हा बन गया ओए, घोड़ी चढ़ गया ओए। या फिर डायरेक्ट ये गाना लगवा के मानेगा- चला गया चांद कहां, आसमां को छोड़ के।

# भोपाल में ब्रिक्स देशों के संस्कृति मंत्रियों की मीटिंग

## विरासत, संग्रहालय-रचनात्मक अर्थव्यवस्था पर होगा मंथन

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

भोपाल में शनिवार को ब्रिक्स देशों के संस्कृति मंत्रियों की मीटिंग होगी। इसमें वे अपने-अपने देशों की सांस्कृतिक विरासत, संग्रहालय, रचनात्मक अर्थव्यवस्था, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, क्षमता निर्माण और ह्यलोगों से लोगों के बीच जुड़ावह्ल के क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने को लेकर मंथन करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंत्रियों को लंच भी देंगे।

ब्रिक्स सांस्कृतिक सम्मेलन-2026 की शुरूआत 5 अगस्त से हुई थी। चौथा दिन, शनिवार महत्वपूर्ण है। बैठक 'ब्रिक्स संस्कृति मंत्रियों की घोषणा' को अपनाने के साथ समाप्त होगी, जो ब्रिक्स ढांचे के भीतर बेहतर सांस्कृतिक सहयोग के लिए एक साझा दृष्टिकोण और भविष्य का रोडमैप निर्धारित करेगी।



### यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल 'सांची' की सांस्कृतिक यात्रा बैठक

यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल 'सांची' की सांस्कृतिक यात्रा बैठक और भोजन के बाद विदेशी मंत्री एवं प्रतिनिधिमंडल भारत की समृद्ध बौद्ध विरासत और स्थापत्य कला के अवलोकन के लिए सांची के लिए प्रस्थान करेंगे। प्रतिनिधि 'बुद्ध जंबूदीप' का भ्रमण करेंगे और तत्पश्चात विश्व प्रसिद्ध सांची स्तूप का एक विशेष गाइडेड टूर लेंगे।

### मंत्रियों को लंच-डिनर में लड्डू-बाफला

सदस्य देश के संस्कृति मंत्रियों के लिए लंच और डिनर में खास मैन्यू है। लंच और डिनर में मेहमानों को प्रदेश के प्रमुख व्यंजन जैसे- दाल बाफले, निमोना, रिकमच, गुइया की सब्जी, चंबल का थोपा, चंदिया, बड़ा और स्वास्थ्यवर्धक मिलेट्स पर आधारित कोदो व कुटकी आदि शामिल हैं। अंतरराष्ट्रीय अतिथियों के स्वाद और प्राथमिकताओं का ध्यान रखते हुए वेस्टर्न (पश्चिमी) और ओरिएंटल व्यंजनों की भी श्रृंखला भी परोसी जा रही है।

# दो संतान नियम पर ब्यूरोक्रेसी का अड़ंगा, 25 साल पुराना नियम खत्म नहीं

## कर्मचारी संगठन कर चुके हैं नियम का विरोध

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

मध्य प्रदेश में दो से अधिक संतान होने पर सरकारी नौकरी नहीं मिलने और नौकरी छिनने से जुड़े करीब 25 साल पुराने प्रावधान को खत्म करने का मामला ब्यूरोक्रेसी के स्तर पर अटक गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश के बावजूद सामान्य प्रशासन विभाग अब तक इससे संबंधित प्रस्ताव कैबिनेट में नहीं ला सका है।

पूर्व मुख्य सचिव अनुराग जैन के दिल्ली जाने के बाद यह भी सामने आया है कि उनके कार्यकाल में वरिष्ठ सचिव समिति की बैठक में इस नियम को खत्म करने के प्रस्ताव पर चर्चा हुई थी। हालांकि समिति ने प्रस्ताव को मंजूरी देने से इनकार कर दिया था। इसके चलते मामला कैबिनेट तक नहीं पहुंच सका।

प्रदेश में दो से अधिक संतान होने पर सरकारी नौकरी से रोकने वाले इस प्रावधान का कर्मचारी संगठनों की ओर से लगातार विरोध किया जाता रहा है। इसी के मद्देनजर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस प्रतिबंध को हटाने की बात कही थी।

राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री जितेंद्र सिंह का कहना है कि मुख्यमंत्री स्पष्ट रूप से कह चुके हैं कि यह नियम निरस्त किया जाएगा, लेकिन सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारी इसे लागू नहीं होने देना चाहते। उनका आरोप है कि कर्मचारियों के स्वास्थ्य बीमा के मामले में भी मुख्यमंत्री के निर्देश के बावजूद देरी की जा रही है।

इस मामले में मुख्यमंत्री ने GAD के प्रस्तावित नए नियम पर भी आपत्ति जताई थी। 6 जून 2026 को प्रकाशित ड्राफ्ट में दो से अधिक संतान की पाबंदी को बरकरार रखा गया था। ड्राफ्ट के नियम 5 और 6 में पात्रता और अपात्रता की शर्तें तय की गई थीं।

इसके अनुसार, ऐसा कोई उम्मीदवार जिसकी दो से अधिक संतान हैं और इनमें से किसी एक का जन्म 26 जनवरी 2001 या उसके बाद हुआ है, वह सरकारी नौकरी के लिए पात्र नहीं होगा। हालांकि जुड़वां बच्चों के मामले में राहत का प्रावधान रखा गया था। यदि किसी व्यक्ति का एक बच्चा है और अगली डिलीवरी में जुड़वां या उससे अधिक बच्चे पैदा होते हैं तो उसे अपात्र नहीं माना जाएगा।

### वरिष्ठ सचिव समिति ने नहीं दी थी मंजूरी

मंत्रालय सूत्रों के अनुसार, पूर्व मुख्य सचिव अनुराग जैन इस नियम को खत्म करने के पक्ष में थे। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप उन्होंने अपने कार्यकाल में वरिष्ठ सचिव समिति की बैठक में नियम निरस्त करने का प्रस्ताव रखा था। हालांकि समिति के सदस्यों ने इस पर सहमति नहीं दी। यही वजह रही कि प्रस्ताव कैबिनेट में नहीं आ सका।

करीब एक माह पहले मुख्यमंत्री यादव ने एक बार फिर अधिकारियों को इस नियम में बदलाव के निर्देश दिए थे, लेकिन अब तक सरकार की ओर से इस संबंध में कोई नया नियम या आदेश जारी नहीं हुआ है।



### 2001 से लागू है नियम

मध्यप्रदेश में यह प्रावधान वर्ष 2001 में लागू किया गया था। इसके तहत 26 जनवरी 2001 या उसके बाद दो से अधिक जीवित संतान वाले उम्मीदवारों को सरकारी नौकरी की सीधी भर्ती और विभागीय नियुक्तियों के लिए अपात्र माना गया था। इसके अलावा मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम-1965 में भी दो से अधिक बच्चों को कदाचार की श्रेणी में रखा गया था। अब मुख्यमंत्री की मंशा के बावजूद करीब 25 साल पुराने इस प्रावधान को खत्म करने की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पाने से सरकार और ब्यूरोक्रेसी के बीच मतभेद को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

# सैफ अली खान बहन के पर्स से पैसे निकालते थे- सबा पटौदी



सैफ अली खान की बहन सबा पटौदी ने हाल ही में बताया कि सैफ कई बार उनके पर्स से पैसे निकाल लेते थे और बाद में वही रकम रक्षा बंधन पर गिफ्ट के रूप में दे देते थे। यह बात उन्होंने नेहा धूपिया और अंगद बेदी के यूट्यूब शो में बताई। सैफ अली खान, सोहा अली खान और सबा पटौदी ने अपने बचपन का बड़ा हिस्सा पटौदी परिवार के महल में बिताया। हालांकि, सोहा ने बताया कि घर में उन्हें कभी शाही जिंदगी जैसा एहसास नहीं कराया गया। उनके पिता पूर्व क्रिकेटर मंसूर अली खान पटौदी बच्चों को खर्चों की अहमियत समझाते थे।

सोहा ने कहा कि उनके पिता घर में बिजली बचाने पर जोर देते थे और पीले रंग के पोस्ट-इट नोट्स पर लाइट बंद करने की याद दिलाते थे। उन्होंने यह भी बताया कि बचपन में दोस्तों के घर जाने की अनुमति कई बार इसलिए नहीं मिलती थी क्योंकि उनके पिता का मानना था कि पेट्रोल पर फालतू का खर्च नहीं होना चाहिए। बातचीत के दौरान सबा पटौदी ने पॉकेट मनी का जिक्र करते हुए बताया कि उन्हें और सोहा को 100 रुपए मिलते थे। वहीं, उस समय सैफ अली खान इंग्लैंड में पढ़ाई कर रहे थे। इसी दौरान सोहा ने हंसते हुए कहा कि सैफ पैसे चुरा लेते थे। इस पर सबा ने मजाकिया अंदाज में बताया कि जब वे इंग्लैंड जाती थीं, तो उन्हें 5 पाउंड मिलते थे, जिन्हें सैफ अक्सर उधार ले लेते थे। उन्होंने यह भी कहा कि कई बार सैफ उनके पर्स से पैसे निकाल लेते थे और बाद में वही रकम रक्षा बंधन पर गिफ्ट के रूप में वापस दे देते थे।

# 'रामायण को ऑस्कर नहीं मिला तो मुझे निराशा होगी'



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि फिल्म रामायण को ऑस्कर नहीं मिलता है, तो उन्हें निराशा होगी। उन्होंने यह बात गुरुवार को फिल्म रामायण के प्रोड्यूसर नमित मल्होत्रा के प्राइम फोकस स्टूडियो के उद्घाटन के दौरान कही।

सीएम फडणवीस ने कहा, रामायण सिर्फ एक डिकेड (10 साल) की नहीं, बल्कि पूरे मिलेनियम (1000 साल) की फिल्म है। अगर इसे ऑस्कर नहीं मिला, तो मुझे अकादमी की ज्यूरी से निराशा होगी। उन्होंने मेकर्स से कहा, 'मैं आप सभी को बधाई देना चाहूंगा जिन्होंने रामायण के निर्माण में अपना प्रयास किया और अब हम रामायण की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं और साथ ही हम प्राइम फोकस' के फेज 2 के उद्घाटन का भी इंतजार कर रहे हैं। फडणवीस ने इससे पहले मुंबई में हअशएर समिट 2025 के दौरान फिल्म की क्वालिटी और टेक्नोलॉजी की तारीफ की थी। उन्होंने कहा था कि भारत में कहानी कहने का एक पुराना रिवाज है और इन कहानियों को नई टेक्नोलॉजी की मदद से अगली पीढ़ी तक पहुंचाया जाना चाहिए। फिल्म रामायण के पहले पार्ट का ट्रेलर 30 जुलाई को सुबह 4:15 बजे, ब्रह्म मुहूर्त के शुभ अवसर पर दुनियाभर में लॉन्च किया गया था। 'रामायण' के ट्रेलर को हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम समेत कई भाषाओं में एक साथ डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर रिलीज किया गया।

# इंटरनेशनल माफिया वर्ल्ड पर है अक्षय-अनीस की नई फिल्म



अक्षय कुमार और निर्देशक अनीस बज्मी की अनटाइटल्ड एक्शन-कॉमेडी अब अपनी मेकिंग के आखिरी शेड्यूल में पहुंच चुकी है। इसके प्रोडक्शन से जुड़े सूत्रों के अनुसार, फिल्म की लगभग पूरी शूटिंग पूरी हो चुकी है। अब केवल सीमित पैचवर्क तथा कुछ कनेक्टिंग शॉट्स बाकी हैं। इसी के साथ-साथ एडिटिंग, बैकग्राउंड स्कोर और पोस्ट-प्रोडक्शन की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। यदि कोई एक्स्ट्रा शूटिंग तय नहीं होती, तो प्रोजेक्ट जल्द ही पूरी तरह पोस्ट-प्रोडक्शन मोड में चला जाएगा।

फिल्म का पहला बड़ा शूटिंग शेड्यूल केरल में रखा गया, जहां यूनिट ने करीब एक महीने तक काम किया। शुरूआती 12 दिनों में अक्षय और विद्या बालन के साथ अहम सीन फिल्माए गए। इसके बाद मुन्नार, मरायूर, कुट्टिक्कानम और पीरमेड जैसी प्राकृतिक लोकेशनों पर शूटिंग जारी रही। केरल की लोकेशनों का इस्तेमाल सिर्फ सीन की सुंदरता के लिए नहीं, बल्कि कहानी के माहौल और किरदारों की यात्रा को प्रभावी बनाने के लिए किया गया है। सिनेमैटोग्राफी टीम ने शूट के दौरान नैचुरल लाइट और रियल लोकेशन का अधिकतम उपयोग किया है।

केरल शेड्यूल के बाद पूरी यूनिट मुंबई पहुंची, जहां फिल्म का दूसरा और तकनीकी रूप से अधिक मुश्किल फेज शुरू हुआ। यहां विशाल जेल सेट, भीड़भाड़ वाले मार्केट सीक्वेंस और कई नियंत्रित अर्बन लोकेशनों पर शूटिंग की गई। सूत्रों के अनुसार यही हिस्सा फिल्म के एक्शन और कॉमिक टकराव का केंद्र है। कहानी का बैकग्राउंड इंटरनेशनल ऑर्गेनाइज्ड क्राइम वर्ल्ड से जुड़ा है, लेकिन इसका प्रस्तुतिकरण पारंपरिक गैंगस्टर ड्रामा जैसा नहीं होगा। क्राइम वर्ल्ड यहां कहानी का ढांचा तैयार करता है, जबकि फिल्म का मूल स्वर एक्शन और कॉमिक स्थितियों के बीच संतुलन बनाए रखता है। अक्षय के हिस्से में मार्केट चेज, हाई-स्पीड बाइक मूवमेंट और बड़े आउटडोर एक्शन सीक्वेंस हैं। हालिया शूट में वह काले पठानी लुक में नजर आए। सीन्स को अधिक रियल बनाने के लिए हैंडहेल्ड कैमरा और लंबे ट्रैक शॉट्स का इस्तेमाल किया गया। वहीं मुंबई शेड्यूल के दौरान लगातार बारिश के कारण जेल सीक्वेंस की शूटिंग एक दिन बढ़ानी पड़ी।

# स्क्रीनिंग में कुत्ते ने किया रवीना टंडन पर हमला:बाल-बाल बचीं, कपड़े भी खींचे

## बाद में कहा- उसने मुझ पर हमला नहीं किया



मुंबई में हुई फिल्म 'ओह माय डॉग' की स्पेशल स्क्रीनिंग के दौरान एक्ट्रेस रवीना टंडन पर एक कुत्ता झपट पड़ा। एक्ट्रेस ने सही समय पर हाथ हटा लिया, जिससे उनका कपड़ा कुत्ते के मुंह में फंस गया। इस दौरान एक्ट्रेस के रिएक्शन की जमकर सराहना हो रही है। रवीना ने काफी संयम दिखाया और घबराई नहीं।

रवीना टंडन फिल्म को सपोर्ट करने के लिए रेड कार्पेट पर पहुंची थीं। वहां मौजूद कुत्तों के साथ वह काफी गर्मजोशी से बातचीत करती नजर आईं। एक्ट्रेस नीचे बैठकर कुत्ते को दुलार रही थीं और पैपराजी के लिए पोज भी दे रही थीं।

जब रवीना पैपराजी के कहने पर सोलो फोटो खिंचवाने के लिए खड़ी हुईं, तो कुत्ता उनके पीले रंग के आउटफिट की आस्तीन और लटकते धागे की ओर आकर्षित हो गया। कुत्ता अचानक जोर-जोर से भौंकते हुए उनके हाथ पर झपट पड़ा।


कुत्ते के झपटने और आस्तीन के धागे को खींचे जाने के बावजूद रवीना ने न तो घबराहट दिखाई और न ही झटके से खुद को दूर किया। वह शांत बनी रहीं और हैंडलर्स को कुत्ते पर काबू पाने का मौका दिया। स्थिति सामान्य होने के बाद रवीना ने फिर से



कुत्ते को प्यार से थपथपाया। बाद में पैपराजी से बात करते हुए रवीना ने साफ किया कि कुत्ते ने उन पर हमला नहीं किया था। एक्ट्रेस के अनुसार, रेड कार्पेट पर एक और कुत्ते को आते देख वह कुत्ता उत्साहित हो गया था और उसी स्थिति पर प्रतिक्रिया दे रहा था, न कि उन्हें नुकसान पहुंचा रहा था।

### खेसारी लाल यादव की आलोचना


कुछ दिनों पहले ही खेसारी लाल यादव का एक वीडियो सामने आया था, जिसमें रेड कार्पेट पर पोज देने पहुंचे एक्टर का सामना एक कुत्ते से हुआ। तस्वीरें क्लिक करने के लिए रेड कार्पेट से कुत्ते को खींचकर हटाया गया था।



## विंक गर्ल प्रिया प्रकाश वॉरियल की भगवा ड्रेस पर सवाल

फिल्म 'ओरु अदार लव' में अपनी मशहूर विंक से चर्चा में आईं एक्ट्रेस प्रिया प्रकाश वारियर हाल ही में एक प्रमोशनल इवेंट में शामिल हुईं। प्रिया को हाल ही में क्यूटीकुरा का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। इस इवेंट के दौरान एक यूट्यूबर ने उनके कपड़ों के रंग को लेकर सवाल किया, जिसके बाद यह मामला सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया। इवेंट में प्रिया ने नारंगी यानी केसरिया रंग की ड्रेस पहनी थी। मीडिया से बातचीत के दौरान एक यूट्यूबर ने उनसे पूछा कि क्या उन्होंने किसी खास वजह से केसरिया रंग की ड्रेस चुनी है। इस पर प्रिया ने शांति से जवाब देते हुए पूछा, ह्लड्रेस में समस्या क्या है? यूट्यूबर ने यह भी पूछा कि क्या केरल में जारी 'ऑरेंज अलर्ट' का असर उनके कपड़ों के चुनाव पर पड़ा है। प्रिया ने साफ किया कि उन्होंने यह रंग सिर्फ इसलिए चुना क्योंकि यह उस ब्रांड से मेल खाता था जिसका वह प्रचार कर रही थीं।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...



## रंग भरकर चित्र बनाओ







## जोक्स

टीचर- एक औरत एक घंटे मे 50 रोटी बना लेती है, तो तीन औरतें एक घंटे में कितनी रोटी बनाएंगी...
.बच्चा- एक भी नही, क्योंकि तीनों मिलकर सिर्फ चुगली करेंगी...!
.बच्चे की बात सुनकर टीचर अभी तक बेहोश है...



पप्पू जलेबी बेच रहा था, कह रहा था आलू ले लो
राहगीर- लेकिन ये तो जलेबी है
पप्पू- चुप हो जा! वरना मक्खियां आ जाएंगी।

वकील - तुम्हारे पति के अंतिम शब्द?
पत्नी - मेरा चश्मा कहां है संगीता...?
वकील - तो इसमें मारने वाली क्या बात थी...?
पत्नी - मेरा नाम रंजना है!
पूरा कोर्ट खामोश...



## वर्ग पहेली



### बाएं से दाएं

1. कंठ, गला-3
3. पक्षियों का शोर-4
5. शारीरिक ऊंचाई-2
6. पाचन शक्ति-3
7. मां की माता-2
8. प्यार, प्रेम (अंग्रेजी-2)
10. रचना करने वाला-5
12. शोरबा, तरी-3
15. खाद्य सामग्री-3
17. दोनों हाथों को पीटना-5
20. भाग्य (अंग्रेजी-2)
22. कदली, एक फल-2
23. उपासना, शीश झुकाना-3
24. घ्राणेन्द्रिय, नासिका-2
25. तहखाना-4
26. दया-3

### ऊपर से नीचे


1. मर्यादा, सीमा-2
2. कहानी लिखने वाला-5
3. अचरज भरा कार्य-3
4. वर, इच्छित वस्तु देना-4
5. जलजला-3
7. मां के पिता-2
9. चिकनाई-2
11. हशीश, एक प्रकार का मादक पदार्थ-3
13. बोलने का तरीका-3
14. तमीजवाला-5
15. परंपरा, रिवाज-4
16. राजनीतिक पार्टी-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. नाट्य, कथा मंचन-3
21. कमी-3
24. संबोधन-2

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 24 | | 53 | | 2 | | 4 | = | 71 |
| | | | | | | | | |
| 66 | | 43 | | 4 | | 5 | = | 22 |
| | | | | | | | | |
| 45 | | 1 | | 5 | | 4 | = | 10 |
| | | | | | | | | |
| 20 | | 2 | | 4 | | 20 | = | 20 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 25 | | 20 | | 5 | | 4 | = | 9 / 6 |

### संकेत

## शब्दों का जाल



## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | 1 | 6 | | 5 | 4 |
| 2 | 34 | | 30 | 4 | 28 | |
| | 5 | | 3 | | 7 | 1 |
| 3 | 30 | | 32 | 6 | 39 | |
| 1 | | 2 | | 5 | | |
| | 28 | | 33 | 7 | 38 | 3 |
| 4 | | 3 | 6 | | 2 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### माथा पच्ची का हल



### अष्टयोग का हल



### शब्दजाल का हल



## सूडोकु नवताल

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |

## भारत पर 100% टैरिफ वाला बिल अमेरिकी सीनेट में पास:

अमेरिकी सीनेट ने 86-11 के बहुमत से भारत समेत 5 देशों पर 100% तक का टैरिफ लगाने वाला बिल पास कर दिया है। बिल के मुताबिक भारत, चीन, स्लोवाकिया, हंगरी और अजरबैजान पर 100% टैरिफ लगाया जा सकता है। यह बिल रिपब्लिकन और डेमोक्रेट दोनों पार्टियों के समर्थन से लाया गया। इसका मकसद रूस की तेल से होने वाली कमाई को कम करना है, ताकि उसकी युद्ध लड़ने की क्षमता कमजोर हो सके। 23 जुलाई को रूस से तेल और गैस खरीदने वाले देशों पर 100% तक टैरिफ लगाने का प्रस्ताव रखा गया था। बिल के शुरूआती मसौदे में 500% टैरिफ लगाने का प्रस्ताव था, लेकिन बाद में इसे घटाकर 100% कर दिया गया। हालांकि, अभी ये कानून नहीं बना है। अभी इसे अमेरिकी संसद के निचले सदन यानी हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में भेजा जाएगा। अगर वहां भी बिल पास हो जाता है, तो इसे राष्ट्रपति ट्रम्प के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। उनकी मंजूरी मिलने के बाद ही यह कानून बनेगा। अगर यह कानून बन जाता है तो 1996 का ईरान प्रतिबंध कानून 2031 तक बढ़ जाएगा। यह कानून उन गैर-अमेरिकी कंपनियों पर पाबंदी लगाता है जो ईरान के साथ व्यापार करती हैं। यह कानून इसी साल खत्म होने वाला था। इस बिल से अमेरिकी राष्ट्रपति को यह अधिकार भी मिल जाएगा कि वे अमेरिका में आने वाले रूसी सामान पर 500% तक टैरिफ लगा सकें। राष्ट्रपति का यह अधिकार 5 साल तक लागू रहेगा।

## थाईलैंड- 9वीं के छात्र ने 8 लोगों की हत्या की

थाईलैंड के एक स्कूल में शुक्रवार को 9वीं के छात्र ने फायरिंग कर दी। इसमें 3 शिक्षक और 3 छात्रों समेत 6 की मौत हो गई, जबकि 15 लोग घायल हैं। 14 साल छात्र ने खुद को भी गोली मार ली। अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, घटना राजधानी बैंकॉक के पास डेबसिरिन नोंथाबुरी स्कूल की है। स्कूल पहुंचने से पहले ही छात्र ने घर में दादा-दादी की हत्या कर दी थी। बाद में दोनों के शव घर से बरामद हुए। फायरिंग में इस्तेमाल की गई 9 एमएम पिस्टल छात्र के दादा की थी, जो पेशे से शिक्षक थे। फिलहाल पुलिस हमले की वजहों की जांच कर रही है। पढ़ाई और परीक्षा का तनावः प्रधानमंत्री ने बताया कि हमलावर छात्र अपनी पढ़ाई को लेकर बहुत ज्यादा मानसिक तनाव में था। उसके करीबी दोस्तों ने भी पुलिस को बताया कि वह पिछले कुछ समय से पढ़ाई के दबाव को लेकर लगातार बातें कर रहा था। वह छात्र अपने दादा-दादी के साथ रहता था। उसकी दादी खुद एक शिक्षिका थीं और पुलिस के अनुसार, वह छात्र के साथ पढ़ाई को लेकर काफी सख्त रवैया अपनाती थीं। माना जा रहा है कि इसी दबाव के कारण उसने सबसे पहले घर पर अपने दादा-दादी को गोली मारी। डिप्टी होम मिनिस्टर पोलापी सुवानचावी ने बताया कि पुलिस जांच में पता चला है कि छात्र वीडियो गेम खेलने का शौकीन था। इस संभावना की भी जांच की जा रही है कि शायद उसे गेम में कोई टास्क मिला हो जिसके बाद उसने ऐसा कदम उठाया।

## हूती विद्रोहियों का यमन और सऊदी अरब पर हमला


ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने गुरुवार को सऊदी अरब और यमन में एक साथ बड़े हमले किए। पहला हमला यमन सरकार के मिलिट्री ठिकानों पर बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन से हुआ, जिसमें 58 सैनिकों की मौत हुई और दर्जनों घायल हो गए। यमन के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सही समय और सही जगह पर जवाब दिया जाएगा। दूसरा हमला सऊदी के नजरान में हुआ, जिसमें 11 नागरिक घायल हुए। इनमें 7 सऊदी, एक यमनी, दो मिस्री, एक पाकिस्तानी नागरिक है। वहीं, एक 4 साल का एक बच्चा भी घायल हुआ है। हमलों के बाद नजरान के कई हिस्सों में आग लग गई। ट्रम्प ने दावा किया कि ईरान ने खुद बातचीत की पहल की है और दोनों देशों के बीच वार्ता में अच्छी प्रगति हुई है। उनके मुताबिक, समझौता ईरान के लिए सबसे बेहतर विकल्प होगा। समुद्री ट्रैकिंग डेटा के मुताबिक, होर्मुज स्ट्रेट से बुधवार को सिर्फ 2 जहाज गुजरे, जबकि तनाव से पहले यहां रोज 130-140 जहाज गुजरते थे। बाब-अल-मंदेब में भी शिपिंग ट्रैफिक लगातार घट रहा है।

## अमेरिका में पहली बार 'बर्थ टूरिज्म' पर रोक

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर अमेरिका में जन्म लेने वाले लोगों को नागरिकता मिलने के दायरे को सीमित करने की कोशिश की है। राष्ट्रपति ने बताया कि उन्होंने इमिग्रेशन से जुड़े दो कार्यकारी आदेश साइन किए हैं। इनमें से एक अमेरिका में पैदा होने वाले उन लोगों की संख्या को सीमित करेगा, जो यहां नागरिकता पाने के हकदार हैं। ट्रम्प ने बताया कि दूसरा आदेश 'बर्थ टूरिज्म' पर लगाम लगाने के लिए है। इसके तहत उन विदेशी पर्यटकों पर वीजा प्रतिबंध बढ़ाए जाएंगे, जो अमेरिका में आकर बच्चे को जन्म देना चाहते हैं। इससे पहले बर्थराइट सिटीजनशिप को सीमित करने की कोशिश को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया था, लेकिन अब वे दोबारा इसके लिए कोशिश कर रहे हैं। इससे पहले जून में अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने बर्थराइट सिटीजनशिप को बरकरार रखा था। कोर्ट ने ट्रम्प के उन पिछले प्रयासों को खारिज कर दिया था, जिनमें उन्होंने यह घोषित करने की कोशिश की थी कि अमेरिका में अवैध अस्थायी रूप से रह रहे लोगों के बच्चे अमेरिकी नागरिक नहीं हैं।

# आरएसएस की विचारधारा नहीं बदली, उनका मकसद देश को हिंदू राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ाना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली




कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि फ्तर का मुख्य मकसद भारत को हिंदू राष्ट्र और हिंदुत्व के रूप में आगे बढ़ाना है और यह मूल विचारधारा आज भी नहीं बदली है। गुरुवार को IIMUN के मंच से आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बयानों को थरूर ने अच्छा संकेत माना है। उनका कहना है कि मैं दस साल से संघ प्रमुख के बयानों और संदेशों को देख रहा हूं। अब उनमें बदलाव दिखता है। उन्होंने ये बात मुंबई में इंडिया इंटरनेशनल मूवमेंट टू यूनाइट नेशंस की 15वीं वर्षगांठ पर कही।

संघ प्रमुख मोहन भागवत ने गुरुवार को मुंबई में जेन-जी और जेन-अल्फा से 1 घंटे तक बातचीत की थी। उन्होंने कहा कि जेन-जी और जेन-अल्फा, पुरानी पीढ़ी से भी ज्यादा देशभक्त और ईमानदार है।

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा है कि राष्ट्रव्यापी छात्र विरोध प्रदर्शनों के दौरान कॉकरोच जनता पार्टी द्वारा उठाए गए कई मुद्दों को कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपनी 'छात्रों की गूंज' मुहिम के जरिए पहले ही उठा चुके थे, लेकिन उन चिंताओं पर जनता से वैसा समर्थन नहीं मिल सका था। थरूर ने कहा कि सीजेपी के आंदोलन का मुख्य हिस्सा बनने से कई महीने पहले ही कांग्रेस ने ऐसी ही चिंताओं को उठाया था।

संघ प्रमुख मोहन भागवत ने गुरुवार को मुंबई में जेन-जी और जेन-अल्फा से 1 घंटे तक संवाद किया था।

नीट पेपर लीक के खिलाफ देशभर में प्रदर्शनों के बाद इसे आरएसएस का युवाओं के साथ सबसे अहम संवाद माना जा रहा है। जंतर-मंतर पर 36 दिन चले आंदोलन के बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना पड़ा था।



### राहुल-योगी-अखिलेश-मायावती सब युवाओं के पीछे

यूपी में जेन-जी अब सिर्फ फर्स्ट टाइम वोटर नहीं रहा, बल्कि सियासत के केंद्र में आ गया है। सत्ता बनेगी या बिगड़ेगी, कुछ हद तक ये जेन-जी भी भूमिका अदा कर रहे हैं। इसे भाजपा समेत विपक्षी पार्टियां भी समझ रही हैं। यही वजह है, राहुल गांधी 8 अगस्त को लाखों स्टूडेंट्स के बीच प्रयागराज में सीधी बातचीत करेंगे। अखिलेश यादव की क्ळ टीम जंतर-मंतर पर छात्रों के प्रदर्शन में डिंपल यादव की मौजूदगी और उनके भावुक पलों के वीडियो वायरल कर रही है। मायावती ने भी पार्टी के युवा चेहरे आकाश आनंद को चुनाव प्रचार की कमान सौंप दी है। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा नेताओं को जेन-जी से ज्यादा से ज्यादा संवाद करने, उन्हें सपा शासन में हुए करप्शन और गड़बड़ियां बताने को कहा है।

**चीन ने कई बार भारतीय इलाकों के नाम बदले**

# अरुणाचल की जगहों को मैप पर अलग से दिखाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत सरकार ने शुक्रवार को अरुणाचल प्रदेश की 27 जगहों और भौगोलिक विशेषताओं को आधिकारिक नक्शे पर दर्ज किया। यह कदम चीन की ओर से सीमावर्ती राज्य की जगहों के नाम बदलने की कोशिशों के बीच उठाया गया है।

गृह मंत्रालय के मुताबिक, यह काम अरुणाचल प्रदेश सरकार से सलाह लेकर किया गया है। इसका मकसद इन जगहों की सही पहचान सुनिश्चित करना और आम लोगों में जागरूकता बढ़ाना है। मंत्रालय ने बयान में कहा, भारत सरकार ने अरुणाचल प्रदेश की राज्य सरकार से सलाह लेकर राज्य में स्थित कुल 27 जगहों और भौगोलिक विशेषताओं को सर्वे ऑफ इंडिया के आधिकारिक नक्शे पर उनके मानक नामों के साथ दर्ज किया है। बयान में कहा गया कि इन जगहों को आधिकारिक नक्शे पर दर्ज करने का उद्देश्य उनकी सटीक पहचान आसान बनाना और आम लोगों में जागरूकता बढ़ाना है।



### लॉन्गजू में 1959 में चीनी सेना पहुंची थी

सर्वे ऑफ इंडिया के नक्शे पर औपचारिक रूप से दर्ज जगहों में वास्तविक नियंत्रण रेखा(छअउ) के पास स्थित लॉन्गजू भी शामिल है। 1959 में चीनी सेना के इस इलाके में घुसने के बाद लॉन्गजू भारत-चीन सीमा तनाव के शुरूआती केंद्रों में से एक बना था। अपर सुबनसिरी जिले का पास का माजा गांव भी इन जगहों में शामिल है।

चीन समय-समय पर अरुणाचल प्रदेश की जगहों के लिए नामों की सूची जारी करता रहा है। वह अरुणाचल प्रदेश को जांगनान कहता है। भारत ने चीन की इन कोशिशों को लगातार खारिज किया है। भारत का कहना है कि इनका भारत की राज्य पर संप्रभुता पर कोई असर नहीं पड़ता।

## पटना-एक्सीडेंट में युवक की मौत पर बवाल, 10 गाड़ियां फूंकीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पटना

पटना में सड़क हादसे में युवक की मौत के बाद हालात बेकाबू हो गए। घटना अगमकुआं थाना क्षेत्र के जीरो माइल के पास शुक्रवार सुबह की है, जहां तेज रफ्तार बस की चपेट में आने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। गुस्साए लोगों ने उस बस को आग लगा दी।

फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन भीड़ ने उसे रोक दिया। इसके बाद हालात और बिगड़ते चले गए। मौके पर पुलिस पहुंची, लेकिन तनाव और बढ़ गया। गुस्साई भीड़ ने 2 पुलिस गाड़ियों, बसों और बाइक समेत करीब 10 वाहनों में आग लगा दी। ट्रैफिक पुलिस पोस्ट जला दी। नेशनल हाईवे-30 पर जाम लगा दिया। पत्रकारों से मारपीट की। मौके पर 9 थानों की पुलिस तैनात की गई। पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे लोगों को खदेड़ दिया।

# दीपके बोले- पीएम स्वतंत्रता दिवस पर युवाओं को संबोधित करें

## सरकार बताए शिक्षा-बेरोजगारी पर क्या कदम उठाए; लोगों से पिटीशन साइन करने को कहा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने कहा कि इस स्वतंत्रता दिवस पर हम चाहते हैं कि प्रधानमंत्री देश के युवाओं को संबोधित करें।

उन्होंने शुक्रवार को पर पोस्ट कर लिखा- हम प्रधानमंत्री से अनुरोध करते हैं कि वे बताएं कि सरकार शिक्षा, बेरोजगारी और बढ़ती महंगाई के मुद्दों पर युवाओं के लिए क्या कदम उठा रही है। उन्होंने अपने पोस्ट के साथ एक लिंक शेयर करते हुए कहा, ह्यअगर आप इस बात का समर्थन करते हैं, तो पिटीशन पर साइन करें। शनिवार सुबह 4 बजे तक याचिका पर 32 हजार से ज्यादा लोगों ने साइन किए हैं। कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके सितंबर से देशभर में क्या बोलती पब्लिक अभियान शुरू करेंगे। दीपके ने गुरुवार को महाराष्ट्र के संभाजीनगर में यह घोषणा की था। उन्होंने कहा था कि हम गांव-शहर जाकर युवाओं से बात करेंगे। साथ ही, बेरोजगारी और महंगी शिक्षा को मुद्दा बनाएंगे।

नीट पेपर लीक को लेकर दीपके और उनकी पार्टी ने जंतर-मंतर पर 20 जून से 25 जुलाई तक, लगातार 36 दिनों तक धरना दिया था। 25 जुलाई को तत्कालीन शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद उखढ ने धरना समाप्त करने की घोषणा की थी। नेशनल वर्किंग कमेटी के सदस्यों के नामों की घोषणा की। पार्टी ने कहा कि अगले छह महीनों में देशभर में राज्य समन्वय समितियों के साथ-साथ लोकसभा और शहर स्तर की समन्वय इकाइयों का गठन किया जाएगा।

# राहुल ने कार की टंकी खोली, ई20-पेट्रोल पर सवाल उठाए, कहा- ये कार-स्कूटर खराब कर रहा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

राहुल गांधी ने शुक्रवार को पर एक वीडियो पोस्ट कर ई20-पेट्रोल पर सवाल उठाए। राहुल ने करीब 53 सेकेंड का वीडियो जारी किया।

वीडियो में राहुल कार की पेट्रोल टंकी खोलते नजर आए। ढक्कर उठाकर अंदर झांका और कहा कि नॉर्मली हम कहते हैं कि दाल में काला है लेकिन यहां पूरी दाल ही काली है।

इस समय देश में करप्शन की लाइन लगी है। उनमें से एक ई20 ईंधन का मामला है। इसके चलते लोगों की कार और स्कूटर खराब हो रहे हैं। यह लोगों के जीवन को प्रभावित करने के साथ ही उनकी जेब से सीधे पैसे भी चुरा रहा है। राहुल ने जो कार दिखाई, वो किस कंपनी की है और उसका मॉडल क्या है। इसकी जानकारी सामने नहीं आई। हालांकि राहुल जब पेट्रोल टंकी खोलते नजर आए तब ढक्कन में ई20 लिखा नजर आया।

राहुल के सोशल मीडिया पोस्ट से पहले केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को दिल्ली में कहा कि भारत का बायोफ्यूल ब्लेंडिंग प्रोग्राम बहुत अच्छा काम कर रहा है। नतीजे काफी बेहतर रहे हैं। कुछ लोग ई20 को लेकर बेवजह विवाद पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं।

उधर केंद्र सरकार ने कहा है कि पेट्रोल में मिलाया जाने वाला एथेनॉल पूरी तरह घरेलू स्त्रोतों से लिया जा रहा है। सरकार ने 6 अगस्त को भारत द्वारा अमेरिका से बड़े पैमाने पर एथेनॉल आयात करने की मीडिया रिपोर्ट्स को खारिज कर दिया था। भारत में 20% एथेनॉल और 80% पेट्रोल के इस मिश्रण का विरोध हो रहा है। खासकर 2023 से पहले बनी पेट्रोल गाड़ियों के मालिक परेशान हैं। उनका दावा है कि इस फ्यूल से गाड़ियों का माइलेज कम हो रहा है, मेंटेनेंस का खर्च बढ़ गया है। इंजन के पार्ट्स जल्दी खराब हो रहे हैं। आम आदमी पार्टी (अअढ) ई20 ईंधन के विरोध में देशभर में टाउन हॉल का आयोजन करेगी। पार्टी ने शुक्रवार को घोषणा की कि यह अभियान 8 अगस्त से शुरू होगा।




# दिल्ली हाईकोर्ट बोला- जंतर-मंतर पर प्रदर्शन नहीं होने चाहिए, बेवजह शहर को बंधक क्यों बनाया जाए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन और आंदोलन करने पर सवाल उठाए। कोर्ट ने कहा कि राजधानी के बीचों-बीच होने वाले प्रदर्शनों के कारण पूरे शहर को बंधक क्यों बनाया जाना चाहिए।

दरअसल कोर्ट ऑल इंडिया दलित क्रिश्चियन राइट्स प्रोटेक्शन कमेटी की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ता ने प्रदर्शन की अनुमति मांगी थी। हाईकोर्ट की इस टिप्पणी के कुछ घंटो बाद कॉकरोच जनता पार्टी ने भी रिएक्शन दिया। उखढ ने कहा- हमसे जंतर-मंतर नहीं छीना जाना चाहिए। याचिका में दिल्ली पुलिस को 10 अगस्त को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन की अनुमति देने का निर्देश देने की मांग की गई थी। संगठन ने यह भी कहा कि यदि जंतर-मंतर नहीं तो दिल्ली पुलिस किसी वैकल्पिक स्थान की अनुमति भी दे सकती है।

कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को शनिवार तक अनुमति पर फैसला लेने को कहा। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल चेतन शर्मा ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस नजदीक है और संबंधित इलाके में निषेधाज्ञा लागू है,इसलिए अनुमति नहीं दी जा रही। इसी बीच, हाईकोर्ट की टिप्पणियों पर कॉकरोच जनता पार्टी ने रिएक्शन दिया। पार्टी प्रवक्ता सौरव दास ने पर लिखा कि इंडिया गेट पहले ही धरना-प्रदर्शनों के लिए बंद किया जा चुका है और अब जंतर-मंतर भी नहीं छीना जाना चाहिए।



### झारखंड सरकार के साथ बैठक के बावजूद छात्र आंदोलन जारी

झारखंड में 14वीं JPSC रद्द करने की मांग को लेकर छात्र 14 दिनों से धरने पर बैठे हैं। इसी बीच शुक्रवार देर रात छात्रों और सरकार के डेलिगेशन के बीच मीटिंग हुई। रांची के मोरहाबादी स्थित राजकीय अतिथिशाला में छात्रों और सरकार के डेलिगेशन के बीच एक घंटे मीटिंग हुई। हालांकि, छात्रों का आंदोलन अभी जारी रहेगा। मीटिंग खत्म होने के बाद राज्य सरकार के प्रतिनिधिमंडल के साथ छात्र नेता रवींद्र पासवान और राजेश प्रसाद ने कहा, यह हमारी पहली बैठक थी, जो बहुत सकारात्मक रही।

## नदी में 90 हजार रबर के बत्तखों की रेस

अमेरिका के शिकागो में एक नदी पीली-पीली रबर की बत्तखों से भर गई। एक साथ 90 हजार से ज्यादा रबर डक्स पानी में छोड़ी गईं और उनकी रेस कराई गई।




नदी किनारे हजारों लोग यह अनोखा नजारा देखने पहुंचे। लोग अपनी-अपनी 'बत्तख' को चीयर करते नजर आए।

### बत्तखों की रेस क्यों कराई गई?



यह 'शिकागो डकी डर्बी' नाम का सालाना इवेंट है। इसमें लोग 10 डॉलर देकर एक रबर डक 'अडॉप्ट' करते हैं।

इसके बाद सभी बत्तखों को एक साथ नदी में छोड़ दिया जाता है।

**जो बत्तख सबसे पहले फिनिश लाइन पार करती है, उसके स्पॉन्सर को इनाम मिलता है।**

### किस काम आता है पैसा?

इस बार इस इवेंट से 7 लाख डॉलर (करीब ₹6 करोड़) जुटाए गए। यह रकम स्पेशल ओलंपिक्स इलिनॉय को दी जाएगी, जिससे बौद्धिक दिव्यांग खिलाड़ियों के खेल, ट्रेनिंग और जरूरी उपकरणों का खर्च उठाया जाएगा। रेस खत्म होने के बाद सभी रबर की बत्तखों को नदी से निकाल लिया जाता है।

## कुएं में समुद्र जैसी लहरें उठने लगीं

गुजरात के मोरबी में एक कुएं का पानी अचानक समुद्र की तरह हिलोरे मारने लगा। 18 फीट गहरे इस कुएं में उठती लहरों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।



इसे देखने के लिए लोगों की भीड़ जुट गई। इसके बाद प्रशासन और जियोलॉजिस्ट की टीम जांच के लिए मौके पर पहुंची।

### कुएं में क्यों उठने लगीं लहरें?

- घटना मोरबी के वीरपरडा गांव की है, शुरुआत में इसे भूकंप से जुड़ा नहीं माना गया।
- एक्सपर्ट्स का अनुमान है कि पानी के नीचे फंसी हवा की वजह से यह हलचल हो रही है।
- जांच के लिए गुजरात ग्राउंडवाटर रिसर्च इंस्टीट्यूट को रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।



### भूकंप की अफवाह भी फैली

कुएं में लगातार उठ रही लहरों के बाद गांव में भूकंप की आशंका को लेकर अफवाहें फैलने लगीं। हालांकि, अधिकारियों ने साफ किया कि इलाके में कोई एक्टिव फॉल्ट लाइन नहीं है। एहतियात के तौर पर कुएं के चारों ओर बैरिकेडिंग कर लोगों को दूर रहने की सलाह दी गई है।

■ वर्ष-12 अंक-276 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शनिवासरः 08 अगस्त, 2026

## सुभाषितानि

**वाणी रसवती यस्य,यस्य श्रमवती क्रिया।**
**लक्ष्मी : दानवती यस्य,सफलं तस्य जीवितं।।**

**भावार्थ** : जिस व्यक्ति की वाणी मधुर होती है, जिसका हर कार्य परिश्रम से भरा होता है और जिसका धन दान आदि में लगाया जाता है, उस व्यक्ति का जीवन सही मायनों में सफल होता है।

**यथा ह्येकेन चक्रेण न रथस्य गतिर्भवेत्।**
**एवं पुरुषकारेण विना दैवं न सिध्यति।।**

**भावार्थ** : जिस प्रकार रथ एक पहिए पर नहीं चल सकता, उसी प्रकार बिना परिश्रम के भाग्य का फल नहीं मिलता।

## सम्पादकीयम्

### अयं सिद्धान्तः

कासानोवारूपेण परिणतुं शक्नुवन्ति। एषा घटना प्रसिद्धेन समाजशास्त्रज्ञेन वाल्थरेन प्रस्तावितेन अतिव्यक्तिगतप्रतिरूपेण व्याख्याता। अयं सिद्धान्तः सूचयति यत् पाठस्य अथवा डिजिटलमाध्यमस्य माध्यमेन वयं स्वयमेव उत्तमं, अधिकं आकर्षकं, मोहकं, परिपूर्णं च इति प्रस्तुतं कुर्मः......एकेन प्रकारेण स्वं प्रस्तुतुं शक्नुवन्ति। अस्य डिजिटल-रोमान्स्-विषये कॉर्नेल्-विश्वविद्यालयेन आकर्षकः अध्ययनः कृतः अस्ति। प्रसिद्धस्य शोधकर्तुः जेफ्री हैनकॉक इत्यस्य मते जनाः प्रायः साक्षात्कारस्य तुलने डिजिटलसन्देशद्वारा गहनतरं अति-व्यक्तिगतं वातार्लापं कुर्वन्ति यतो हि लेखनेन अस्मान् सम्यक् शब्दान् चिन्तयितुं, संसाधितुं, चयनं कर्तुं च प्रचुरं समयं ददाति-चिन्तनकालः इति प्रसिद्धः अवधिः। दम्पती प्रायः शयने शयनं कुर्वन् अटपटे मौनं अनुभवन्ति; दिवसस्य श्रान्तता, कार्यालयस्य तनावः, घरेलुचिन्ताः च पृष्ठभूमिसङ्गीतवत् तेषां मनसः पृष्ठभागे क्रीडन्ति। एतादृशेषु क्षणेषु आत्मीयतायाः मनोदशायां प्रवेशः कठिनं कार्यं इव अनुभूयते। तथापि दूरभाषस्य जगत् जीवन्तं रङ्गिणं च अस्ति। यदि भवतः शब्दानां अभावः अस्ति चेदपि भवतः निजनिग्रहे उष्ण, मलिन-वार्ता, विडियो, इमोजी-इत्यादीनां सम्पूर्णं सरणी अस्ति। दम्पत्योः मनसि भवति यत् एतेषां दृश्यानां ग्रन्थेषु उपयोगेन तेषां मध्ये शारीरिकं मानसिकं च अन्तरं अधिकरोमाञ्चकारी, मसालेदारं च प्रकारेण सेतुम् अकुर्वन्।

दुबईतः प्रत्यागत्य गृहीतः ८.३० कोटिरूप्यकाणां

## वस्त्रधोखाधडस्य पृष्ठतः मास्टरमाइंडः विश्वासं प्राप्य कोटिव्यापारिणः ठगन्ति स्म

ब्रह्मास्त्र ›› जयपुर

जयपुरपुलिसः प्रायः 8.5 कोटिरूप्यकाणां वस्त्रधोखाधड़ीं सम्बद्धे उच्चस्तरीयप्रकरणे महतीं सफलतां प्राप्तवान्। दीर्घकालं यावत् पलायितः कथितः मास्टरमाइण्ड् पवनचण्डकः दुबईतः प्रत्यागत्य तत्क्षणमेव जयपुर-अन्तर्राष्ट्रीयविमानस्थानके पुलिसैः गृहीतः। मुहानापुलिसस्थानदलेन अभियुक्तान् गृहीत्वा प्रश्नोत्तरं प्रारब्धम्। प्रारम्भिकप्रश्नानां कृते महत्त्वपूर्णसूचना प्राप्ता, सम्पूर्णं धोखाधड़ीजालं च शीघ्रमेव उजागरं भवितुम् अर्हति इति पुलिस दावान् करोति। अन्वेषणसंस्थानां मते अभियुक्तः स्वपत्न्या सह साझेदारी कृत्वा व्यवस्थितरूपेण व्यापारिणां विश्वासं प्राप्नुयात्, ऋणेन कोटिमूल्यानां वस्तूनि क्रीतवान्, ततः सहसा पलायनं करोति स्म

घटनाक्रमः यथा प्रवर्तते स्म। दुबईतः प्रत्यागत्य विमानस्थानके अभियुक्ताः गृहीताः बहुकोटिधोखाधड़ीप्रकरणे अभियुक्तः पवनचण्डकः विदेशात् जयपुरं प्रत्यागच्छति इति मुहानापुलिसस्य सूचना प्राप्ता। एतस्य सूचनायाः अनुसरणं कृत्वा पुलिसैः विमानस्थानके निगरानीयता वर्धिता, भारतं प्राप्तस्य क्षणे एव तं गृहीतम्। अभियुक्तः चिरकालात् पुलिस-अभिरक्षणात् परिहारं कृतवान् आसीत्, तस्य गतिः च निरन्तरं निरीक्षिता आसीत्।

आरोपी जोधपुर निवासी पुलिस-अनुसन्धानेन ज्ञातं यत् पवनचण्डकः मूलतः जोधपुर-नगरस्य निवासी अस्ति। जयपुरे तस्य विरुद्धं पञ्जीकृतस्य प्रमुखस्य आर्थिकापराधस्य अन्वेषणं किञ्चित्कालात् प्रचलति स्म। देशात् पलायितः इति कारणेन



तस्य गृहीतत्वं विलम्बितम् आसीत्, परन्तु तस्य पुनरागमनसम्बद्धसूचना प्राप्तमात्रेण पुलिसैः कार्यं कृत्वा तं निरुद्धम्।

स्वपत्न्या सह साझेदारी कृत्वा धोखाधड़ीं कृतवान् अन्वेषणाधिकारिणां मते अभियुक्तः एकः एव कार्यं न करोति स्म; तस्य पत्नी सम्पूर्णे उद्यमे सक्रियभूमिकां निर्वहति स्म। दम्पती सामान्यतया नूतननगरे एकं फर्मं उद्घाटयति स्म, प्रमुखाः प्रतिष्ठिताः च वस्त्रव्यापारिणः इति स्थापयन्ति स्म, स्थानीयव्यापारिषु विश्वसनीयतां च निर्मान्ति स्म प्रारम्भे ते लघुसौदान् निष्पादयन्ति स्म, समये एव भुक्तिं कुर्वन्ति स्म, तस्मात् तेषां विपण्यविश्वसनीयता निरन्तरं वर्धते स्म।

ऋणेन कोटिरूप्यकाणां मालस्य क्रयणात् पूर्वं न्यासस्य निर्माणम् एकदा तेषां विपण्यां दृढप्रतिष्ठा स्थापिता, व्यापारिणः च तेषु अन्तर्निहितरूपेण विश्वासं कर्तुं आरब्धवन्तः तदा दम्पती ऋणेन बहुमात्रायां वस्त्रादिवस्तूनि क्रेतुं आरभते स्म ते व्यापारिभ्यः आश्वासनं ददति स्म यत् पूर्णं भुक्तिः निर्धारितसमयान्तरे भविष्यति। एतस्य न्यासस्य लाभं गृहीत्वा ते कोटिरूप्यकाणां वस्तूनि प्राप्नुयुः। मालस्य क्रयणस्य अनन्तरं अचानकं विलुप्तं भवति पुलिसस्य मते एकदा बकाया ऋणं कोटिरूप्यकाणां धुनिं प्राप्तवान् तदा अभियुक्तदम्पती स्वस्य मोबाईलफोनं निष्क्रियं कृत्वा कार्यालयं रिक्तं कृत्वा नगरात् पलायनं करोति स्म यावत् व्यापारिणः परिस्थितेः वास्तविकतां अवगच्छन्ति स्म तावत् दम्पती लेशं विना अन्तधानं भवति स्म। तेषां आरोपः अस्ति यत एतस्य कार्यविधिस्य उपयोगेन अनेकराज्येषु व्यापारिभ्यः कोटिरूप्यकाणां आर्थिकहानिः अभवत्। जयपुर व्यापारी 8.30 करोड़ की धोखाधड़ी का आरोप अन्वेषणेन ज्ञातं यत् अभियुक्तेन जयपुरनगरस्य एकस्मात् वस्त्रव्यापारिणा ऋणेन प्रायः ८.३० कोटिरूप्यकाणां मालस्य क्रयणं कृतम् आसीत्। यदा समयसीमा व्यतीतः ततः परं भुक्तिः न प्राप्ता, अभियुक्तेन सह सम्पर्कः नष्टः च तदा पीडितः व्यापारी पुलिसशिकायतां कृतवान्।

प्रेमी विवाहितायाः महिलायाः

## दर्शनं करोति; श्वशुराः युगलं ताडयन्ति

ब्रह्मास्त्र ›› बरवाणी

मध्यप्रदेशस्य बरवानीमण्डले विवाहितायाः स्त्रियाः श्वशुरजनाः तस्याः प्रेमिकायाः च उपरि घोरं दण्डं दत्तवन्तः इति कथ्यते, यया सह तस्याः सम्बन्धः अस्ति इति शङ्का आसीत् आरोपः अस्ति यत् सा महिला तस्याः प्रेमिका च क्रूररूपेण ताडिताः, ततः पाशैः स्तम्भे बद्धाः, तत्रैव रात्रौ यावत् स्थापिताः अपि च, परेण दिने प्रातःकाले तेषां ग्रामस्य माध्यमेन परेडः कृतः। पुलिसेन प्रकरणं पञ्जीकृत्य अन्वेषणं आरब्धम् अस्ति।

बारवानीमण्डलस्य थिक्रीपुलिसस्थानस्य अधिकारक्षेत्रे एव एषा घटना अभवत्। पुलिसस्य मते पीडितायाः विवाहः प्रायः १५ वर्षाणि यावत् अभवत्, तस्याः द्वौ बालकौ अस्ति। तस्याः शिकायतया पतिः मद्यपः इति उक्त्वा बहुधा आक्रमणं कृतवती। प्रायः पञ्चवर्षपूर्वं सा भर्तुः बन्धुजनं मिलितवती यः चालकरूपेण कार्यं करोति। क्रमेण तयोः समीपं गत्वा रोमान्टिकसम्बन्धः विकसितः।

भर्त्रा सह बालकान् त्यक्त्वा मातृगृहं गता आसीत् प्रायः मासद्वयं पूर्वं सा महिला स्वसन्ततिं भर्त्रा सह त्यक्त्वा स्वमातृगृहं गता आसीत्। पश्चात् परिवारजनानां परामर्शं प्राप्य सा स्वश्वशुरगृहं प्रत्यागतवती। रविवासरे सायं सा महिला स्वप्रेमिणा सह आसीत यदा तस्याः पतिना अन्यैः परिवारजनैः च स्थितिः ज्ञाता। बन्धुजनाः घटनास्थले आगताः। तस्याः पतिः, श्वशुरः, अन्ये बन्धुजनाः च तान् गृहीत्वा आक्रमणं कृतवन्तः इति महिला आरोपयति। तदनन्तरं गृहात् बहिः स्तम्भे पाशैः बद्धाः, रात्रौ यावत् बद्धाः आसन्; अस्मिन् काले ते ताडिताः, जलपानमपि अङ्गीकृतवन्तः। परेण दिने प्रातःकाले ते तस्मिन् दशायां सम्पूर्णग्रामे परेडं कृतवन्तः, प्रेम्णः परिणामः एषः एव इति सन्देशेन सह। घटनास्थले बहुसंख्याकाः ग्रामजनाः उपस्थिताः आसन्, तेषां कृते सम्पूर्णं घटनां भिडियोरूपेण।

## पृष्ठे बृहत्तरं षड्यंत्रं जातम्

ब्रह्मास्त्र ›› मुंबई

तकनीकीसाक्ष्यं, आह्वानविवरणं, सभाः, वित्तीयपक्षाः, अन्ये च तथ्याः परीक्षिताः सन्ति। हत्यायाः पृष्ठे बृहत्तरं षड्यंत्रं जातम् वा इति अपि पुलिसैः निर्धारयितुं प्रयतते। विमलकुमारहत्याप्रकरणं अधुना केवलं आपराधिकघटनायाः परं विकसितम् अस्ति; अस्मिन् प्रशासनिकसुरक्षायाः विषयाः, राजनैतिक-आरोपाः प्रति-आरोपाः च, सम्भाव्य...एषः विषयः एकस्य षड्यंत्रस्य बहुस्तरीयस्य अन्वेषणस्य विषयः अभवत्। चालकस्य गृहीतस्य, पत्न्या कृतानां गम्भीराणां आरोपानाम् अनन्तरं इदानीं सम्पूर्णस्य प्रकरणस्य दिशा अन्वेषणसंस्थानां अग्रिमपदेषु, उपलब्धसाक्ष्येषु च निर्भरं भविष्यति।

## राशिफल

**मेष** : स्वास्थ्य और धन से जुड़ी छोटी-मोटी दिक्कतें आ सकती हैं। वर्क लाइफ स्टेबल व पॉजिटिव रहने वाली है।

**वृषभ** : स्मार्ट वित्तीय निवेश योजनाओं को प्राथमिकता दें। छोटी-मोटी स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं।

**मिथुन** : कार्यस्थल पर पेशेवर जिम्मेदारियों को संभालते समय अहंकार को त्यागें। आज रिलेशनशिप को प्रोडक्टिव बनाए रखें।

**कर्क** : आज आपको खर्चों को लेकर सावधान रहना चाहिए, और आपकी सेहत भी आपको परेशान कर सकती है।

**सिंह** : धन और स्वास्थ्य दोनों आपके पक्ष में रहेंगे। आर्थिक स्थिति सही रहेगी लेकिन फालतू के खर्चों से बचें।

**कन्या** : ध्यान रखें आज आपका रोमांटिक जीवन अच्छा रहे। ऑफिस में आप अच्छे, प्रोडक्टिव रिजल्ट पा सकते हैं।

**तुला** : स्वास्थ्य संबंधी छोटी-मोटी परेशानियां आ सकती हैं। किसी की सलाह आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकती है।

**वृश्चिक** : सलाह के प्रति खुले रहें और आगे बढ़ने के प्रयासों पर ध्यान केंद्रित करें। हानि हो सकती है।

**धनु** : स्वास्थ्य और धन दोनों सकारात्मक हैं। प्यार की वर्षा करते रहें और यह रिश्ते में नजर आएगा।

**मकर** : आज निजी और पेशेवर दोनों ही मामलों में खुशियां पाने के लिए अवसरों का लाभ उठाएं।

**कुंभ** : आज आप हेल्दी भी हैं। पर्सनल और प्रोफेशनल क्षेत्रों में विकास के चक्र में प्रवेश करेंगे।

**मीन** : आज नौकरी में तनाव से उबरें। सुनिश्चित करें कि आप वित्तीय आवश्यकताओं को भी ध्यान से पूरा करें।

## ज्योतिष/वास्तु

# सावन शिवरात्रि के अगले दिन लगेगा सूर्य ग्रहण, जानें प्रभाव और सूतक काल का समय

अगस्त में साल का आखिरी सूर्य ग्रहण लगेगा। यह सावन शिवरात्रि से अगले दिन घटित होगा। ऐसे में सवाल यह है कि, क्या यह भारत में नजर आएगा? इस वर्ष 11 अगस्त 2026 को सावन शिवरात्रि मनाई जाएगी। यह पर्व भगवान शिव की पूजा-अर्चना और जलाभिषेक के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि, इस दिन शिवलिंग पर जलाभिषेक और विधि-विधान से पूजा करने से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं। साथ हीभ भाग्य में सकारात्मक बदलाव महसूस होता है। ज्योतिषियों की मानें, तो इस बार सावन शिवरात्रि के अगले दिन, यानी 12 अगस्त 2026 को सूर्य ग्रहण भी लगने जा रहा है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार ग्रहण काल को शुभ कार्यों के लिए अनुकूल नहीं माना जाता है। इसलिए इस दौरान पूजा-पाठ और अन्य मांगलिक कार्यों को लेकर कई नियमों का पालन किया जाता है। ऐसे में आइए जानते हैं सूर्य ग्रहण का समय, सूतक काल और भारत में इसका प्रभाव।



**कब लगेगा सूर्य ग्रहण-** सूर्य ग्रहण 12 अगस्त 2026 को सावन मास की कृष्ण पक्ष अमावस्या तिथि पर लगेगा। भारतीय समयानुसार, ग्रहण 12 अगस्त की रात 9:04 बजे शुरू होगा और 13 अगस्त की सुबह 4:25 बजे समाप्त होगा। यह सूर्य ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा। इसलिए भारत में इसका सूतक काल मान्य नहीं होगा।

**किन-किन देशों में दिखाई देगा ग्रहण-** साल का आखिरी सूर्य ग्रहण अटलांटिक महासागर, आर्कटिक क्षेत्र, ग्रीनलैंड, आइसलैंड और उत्तरी स्पेन में देखा जाएगा। साथ ही फ्रांस, ब्रिटेन, इटली सहित यूरोप के कई देशों में भी यह आंशिक रूप से नजर आने वाला है।

**सावन शिवरात्रि 2026 -** पंचांग के अनुसार, सावन शिवरात्रि की चतुर्दशी तिथि 11 अगस्त 2026 को सुबह 4:53 बजे से शुरू होकर 12 अगस्त को रात 1:51 बजे तक रहेगी। तिथि के अनुसार, 11 अगस्त 2026 को ही सावन शिवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा। चूंकि इस दिन ग्रहण का साया नहीं है, इसलिए विधि-विधान से महादेव की पूजा और जलाभिषेक किया जा सकेगा।

### पूजा का शुभ समय

- **प्रथम प्रहरः** शाम 7:04 बजे से रात 9:45 बजे तक
- **द्वितीय प्रहरः** रात 9:45 बजे से 12:26 बजे तक
- **तृतीय प्रहरः** रात 12:26 बजे से सुबह 3:07 बजे तक
- **चतुर्थ प्रहरः** सुबह 3:07 बजे से सुबह 5:49 बजे तक

ब्लिट्ज के एक राउंड बाकी रहते जीता खिताब, रैपिड में भी टॉप पर थे

# आर प्रज्ञानानंदा बने सेंट लुइस रैपिड एंड ब्लिट्ज चैंपियन

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

भारत के ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने अमेरिका के सेंट लुइस में खेले गए ग्रैंड चेस टूर के सेंट लुइस रैपिड एंड ब्लिट्ज टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया।

रैपिड राउंड के बाद प्रज्ञानानंदा पॉइंट्स टेबल में टॉप पर थे। ब्लिट्ज के दूसरे अंतिम राउंड में उन्होंने उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव के खिलाफ मुकाबला ड्रॉ खेलकर एक राउंड बाकी रहते ही खिताब अपने नाम कर लिया।

उन्होंने 35 में से 23.5 अंक जुटाए और दूसरे स्थान पर रहे सिंदारोव (22 अंक) से 1.5 अंक आगे रहकर अपने करियर का पहला जीसीटी रैपिड एंड ब्लिट्ज खिताब जीता। इस जीत पर उन्हें 50 हजार डॉलर (करीब 48 लाख) की प्राइज मनी और 13 जीसीटी अंक मिले।

**पूरे टूर्नामेंट में बनाए रखी बढ़त-** प्रज्ञानानंदा पूरे पांच दिन चले टूर्नामेंट में टॉप पर बने रहे। सिंदारोव ने आखिरी दिन तक उन्हें कड़ी टक्कर दी, लेकिन भारतीय ग्रैंडमास्टर ने अपनी बढ़त बरकरार रखी। ब्लिट्ज के अंतिम नौ राउंड में उन्होंने तीन मुकाबले जीते, पांच ड्रॉ खेले और सिर्फ एक मैच गंवाया।



**रैपिड और ब्लिट्ज दोनों में सबसे ज्यादा अंक-** प्रज्ञानानंदा ने सिर्फ संयुक्त खिताब ही नहीं जीता, बल्कि रैपिड और ब्लिट्ज दोनों राउंड में सबसे ज्यादा अंक भी जुटाए। मैच के बाद उन्होंने कहा, स्कोर देखकर सब कुछ आसान लगता है, लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं था। सिंदारोव ने आखिर तक कड़ी टक्कर दी।

**दूसरे अंतिम राउंड में पक्का किया खिताब-** ब्लिट्ज के दूसरे अंतिम राउंड में प्रज्ञानानंदा का सामना सीधे सिंदारोव से हुआ। इस मुकाबले में ड्रॉ उनके लिए खिताब सुनिश्चित करने के लिए काफी था। मैच के एंडगेम में मोहरे का नुकसान होने के बावजूद उन्होंने शानदार बचाव किया और मुकाबला ड्रॉ करा लिया। इसके साथ ही आखिरी राउंड से पहले ही उनका खिताब पक्का हो गया।

**अब सिंकफील्ड कप पर नजर-** ग्रैंड चेस टूर का अगला टूर्नामेंट सिंकफील्ड कप 10 अगस्त से शुरू होगा। यह जीसीटी फाइनल्स से पहले का आखिरी टूर्नामेंट है। इसके बाद टॉप -4 खिलाड़ी जीसीटी फाइनल्स में जगह बनाएंगे, जहां विजेता को 2 लाख डॉलर की प्राइज मनी मिलेगी।

### जून में जीता था नॉर्वे चेस

प्रज्ञानानंदा शानदार फॉर्म में हैं। इससे पहले जून 2026 में उन्होंने नॉर्वे चेस का खिताब भी जीता था। ओस्लो में खेले गए टूर्नामेंट के अंतिम राउंड में उन्होंने जर्मनी के विंसेंट कीमर को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की थी। उन्होंने अंतिम दौर में लगातार चार क्लासिकल मुकाबले जीतकर यह उपलब्धि हासिल की थी।

### तमिलनाडु सरकार ने किया था सम्मानित

नॉर्वे चेस जीतने के बाद तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने चेन्नई स्थित मुख्य सचिवालय में प्रज्ञानानंदा को सम्मानित किया था। स्पोर्ट्स डेवलपमेंट अथॉरिटी ऑफ तमिलनाडु की ओर से उन्हें 50 लाख रुपए का पुरस्कार दिया गया था। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उनके साथ शतरंज की कुछ चालें भी चली थीं।

### 12 साल की उम्र में बने थे ग्रैंडमास्टर

तमिलनाडु के चेन्नई के रहने वाले आर प्रज्ञानानंदा का जन्म 10 अगस्त 2005 को हुआ था। वे 2018 में 12 साल, 10 महीने और 13 दिन की उम्र में ग्रैंडमास्टर बने थे। उस समय वे भारत के सबसे युवा और दुनिया के दूसरे सबसे युवा ग्रैंडमास्टर थे। उनकी बड़ी बहन आर वैशाली भी ग्रैंडमास्टर हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं।

### ग्रैंड चेस टूर का अहम टूर्नामेंट

सेंट लुइस रैपिड एंड ब्लिट्ज ग्रैंड चेस टूर का हिस्सा है, जिसमें दुनिया के कई शीर्ष ग्रैंडमास्टर हिस्सा लेते हैं। इस खिताब के साथ प्रज्ञानानंदा ने अंतरराष्ट्रीय सर्किट में एक और बड़ी सफलता अपने नाम की।

## स्कॉटलैंड ने जीता 5000वां वनडे

### कनाडा को 9 रन से हराया, फेनली मैकार्थी ने शतक लगाया

ब्रह्मास्त्र ›› स्कॉटलैंड

स्कॉटलैंड ने वनडे क्रिकेट के 5000वें मैच में कनाडा को 9 रन से हरा दिया। डंडी (स्कॉटलैंड) में खेले गए ख्रउ मेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप लीग-2 के इस ऐतिहासिक मुकाबले में फिनले मैकक्रीथ ने शतक लगाया और प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। टॉस हारकर बैटिंग कर रही स्कॉटिश टीम ने 50 ओवर में 7 विकेट पर 281 रन बनाए। जवाब में कनाडा 49.2 ओवर में 272 रन पर ऑलआउट हो गया। ब्रैंडन मैकमुलेन ने 3 और ओलिवर डेविडसन ने 2 विकेट लिए।

स्कॉटलैंड की शुरूआत खराब रही और जॉर्ज मुन्से खाता खोले बिना आउट हो गए। इसके बाद मैकक्रीथ और ब्रैंडन मैकमुलेन ने पारी संभाली। मैकक्रीथ ने 140 गेंदों पर 112 रन बनाए, जिसमें 9 चौके और 2 छक्के शामिल रहे। रिची बेरिंगटन ने 29 और माइकल जोंस ने 36 रन बनाए। अंत में सफयान शरीफ ने 8 गेंदों पर नाबाद 22 और ऑलिवर डेविडसन ने 4 गेंदों पर नाबाद 11 रन बनाकर स्कॉटलैंड का स्कोर 281 रन तक पहुंचाया।

# भारत-श्रीलंका टेस्ट मैच में दर्शकों को फ्री इंट्री



### श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड का फैसला; 15 अगस्त से गॉल में पहला मुकाबला

ब्रह्मास्त्र ›› कोलंबो

भारत और श्रीलंका के बीच टेस्ट सीरीज में दर्शकों को फ्री इंट्री मिलेगी। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने नोटिफिकेशन जारी कर इसका ऐलान किया है। भारत इस सीरीज में दो टेस्ट मैच खेलेगा। पहला मुकाबला 15 अगस्त से गॉल में, जबकि दूसरा मैच कोलंबो में 23 अगस्त से खेला जाएगा।

गॉल इंटरनेशनल स्टेडियम में दर्शकों को गेट नंबर-4 से फ्री इंट्री मिलेगी। कोलंबो के ररउ मैदान में गेट नंबर 3, 4, 5 और 7 से बिना टिकट एंट्री दी जाएगी। बोर्ड ने दर्शकों से अपील की है कि बड़ी संख्या में मैच देखने आएं।

**टेस्ट मैचों में स्टेडियम खाली रहे थे-** उपमहाद्वीप में पिछले कुछ सालों में दर्शक टेस्ट मैच देखने स्टेडियम नहीं आ रहे। श्रीलंका में भारत के पिछले दौरे और इसी साल भारत-अफगानिस्तान टेस्ट में भी भीड़ नहीं पहुंची थी। इसी वजह से श्रीलंका बोर्ड ने यह पहल की है।

**भारत डब्ल्यूटीसी पॉइंट्स टेबल में पाचंवे नंबर पर-** भारत फिलहाल वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप पॉइंट्स टेबल में पांचवें स्थान पर है। श्रीलंका छठे नंबर पर है। डब्ल्यूटीसी के लिहाज से दोनों टीमों के लिए यह सीरीज जीतना जरुरी है।

**2017 में भारत ने क्लीन स्वीप किया था-** भारत ने 2017 में श्रीलंका के पिछले टेस्ट दौरे पर 3-0 से सीरीज जीती थी। टीम ने गॉल में 304 रन, कोलंबो में पारी और 53 रन जीत दर्ज की थी। फिर पल्लेकेले में श्रीलंका को पारी और 171 रन से हराया। श्रीलंका पिछला सीरीज हार कर आ रहा है। टीम को वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 से हार मिली थी।

## खबर एक नजर...

### रिमांड पर झांसा देकर शोषण-ब्लैकमेल करने वाला युवक

**उज्जैन।** इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर विवाहिता को शादी का झांसा देकर शोषण और ब्लैकमेल करने वाले आरोपी दुर्गेश परमार को गुरूवार रात चिमनगंज थाना पुलिस ने नागदा के प्रकाश नगर से गिरफ्तार किया था। एसआई दिनेश भाट ने बताया कि आरोपी को शुक्रवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से 2 दिनों की रिमांड पर लिया है। आरोपी ने महिला से करीब 5 लाख के आभूषण ब्लैकमेल कर ठग लिये थे, वह लगातार महिला को समाज में बदनाम करने की धमकी दे रहा था। उसके द्वारा कुछ दिनों से 40 हजार की डिमांड की जा रही थी। महिला ने उसकी प्रताड़नाओं से तंग आकर उसके खिलाफ दुष्कर्म और ब्लैकमेल करने की शिकायत दर्ज कराई थी। दोनों के बीच 2022 में दोस्ती हुई थी। आरोपी नागदा में चाय की दुकान चलता है। एसआई भाट के अनुसार रिमांड अवधि में आरोपी से ठगे गये आभूषण बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है।

### तीन माह बाद गिरफ्त में आया अड़ीबाजी का आरोपी

**उज्जैन।** झारड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम सेकली में रहने वाले वकील पिता चतरलाल बोड़ाना का तीन माह पहले रास्ता रोककर लालसिंह और उसके साथियों द्वारा अड़ीबाजी कर रूपयों की मांग की गई थी और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस ने मामले में हफ्ता वसूली और एससी/एसटी का प्रकरण दर्ज किया था। आरोपी लगातार फरार चल रहे थे। तीन माह बाद गुरूवार-शुक्रवार रात खबर मिली कि अड़ीबाजी का मुख्य आरोपी लालसिंह अपने घर आया हुआ है। उसे गिरफ्तार करने के लिये घेराबंदी की गई और रात में उसे गिरफ्तार कर लिया गया। थाना प्रभारी सुरेन्द्रसिंह गरवाल ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया था, जहां से जेल भेजा गया है। उसके 2 साथी फरार है, जिनकी जानकारी मिली है, जल्द उन्हे भी गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

### सड़क दुर्घटना में गंभीर घायल पटवारी की हुई मौत

**उज्जैन।** आगर मालवा के सुसनेर में रहने वाला पटवारी नब्बूलाल पिता उमरासिंह 57 साल गुरुवार को मीटिंग में तहसील कार्यालय गया था। जहां से वापस बाइक पर सवार होकर लौट रहा था। रास्ते में सोयत सुसनेर के बीच उसे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। गंभीर घायल होने पर उसके आगर अस्पताल लाया गया, जहां हालत चिंताजनक देख डॉक्टरों ने उज्जैन रैफर किया गया, लेकिन रात में उज्जैन लाते समय रास्ते में पटवारी की मौत हो गई। चरक अस्पताल में परीक्षण के बाद डॉक्टरों ने शव पोस्टमार्टम कक्ष भेजा और कोतवाली थाना पुलिस को सूचना दी। शुक्रवार को अस्पताल पुलिस चौकी द्वारा पोस्टमार्टम कराया गया। जांच संबंधित थाना पुलिस को सौंपी जायेगी।

### जहरीला पदार्थ खाकर नवविवाहिता ने की आत्महत्या

**उज्जैन।** महिदुपर के झूटावद स्थित ग्राम बावलिया की रहने वाली रानू पति रामपालसिंह 20 ने गुरूवार को जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर पति और भाई को सूचना दी। पति उसे उपचार के लिये उज्जैन निजी अस्पताल लेकर आया, जहां गुरूवार-शुक्रवार रात 2 बजे रानू की मौत हो गई। नीलगंगा थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान सामने आया कि रानू का मायका रतलाम के ग्राम लोट में है। उसकी शादी 8 माह पहले हुई थी। घटना के समय घर पर कोई नहीं था। मामला नवविवाहिता का होने पर अनुविभागीय स्तर के अधिकारी द्वारा जांच शुरू की जायेगी और ससुराल-मायके पक्ष के बयान दर्ज किये जायेगें। फिलहाल मायके पक्ष की ओर से कोई आरोप-प्रत्यारोप सामने नहीं आया है।

### नीलगाय के लिये लगाई मशीन से बालक का लगा करंट

**उज्जैन।** खाचरौद थाना क्षेत्र के ग्राम आक्या जागीर में किसान समरथ पिता रामेश्वर धाकड़ ने नीलगाय से अपनी फसल को बचाने के लिये झटका मशीन खेत के किनारे पर लगाकर उसमें करंट छोड़ा था। इस दौरान पड़ोसी खेत मालिक कमलकिशोर खमोरिया का 2 वर्षीय पुत्र आर्यांश खेलते समय समरथ के खेत किनारे सेड़े पर पहुंच गया, जहां झटका मशीन के तारों से टकराने पर उसे करंट लग गया। घायल होने पर कमलकिशोर ने मामले की शिकायत थाने पहुंचकर दर्ज कराई। पुलिस ने समरथ धाकड़ के खिलाफ लापरवाही से मशीन लगाने का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### श्री सिंथेटिक्स कर्मचारी कांग्रेस की बैठक कल

**उज्जैन।** श्री सिंथेटिक्स कर्मचारी कांग्रेस ने कर्मचारियों की वर्षों से लंबित मांगों और बकाया भुगतान को लेकर अपना आंदोलन तेज कर दिया है। संगठन का आरोप है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को ज्ञापन सौंपकर मांगों के निराकरण की अपील की गई थी, लेकिन अब तक शासन स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ऑगेर्नाइजिंग मजदूर कांग्रेस के शहर अध्यक्ष प्रकाश सोलंकी ने बताया कि संगठन पिछले लंबे समय से कर्मचारियों के बकाया भुगतान की मांग कर रहा है, लेकिन केवल आश्वासन ही मिले हैं। इसी के चलते 9 अगस्त (रविवार) को फ्रीगंज स्थित शहीद पार्क में कर्मचारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक सुबह 12:00 शुरू होगी जिसमें कर्मचारियों के बकाया भुगतान, अन्य लंबित देयकों तथा वन विभाग द्वारा प्रस्तावित परियोजना को लेकर आगे की रणनीति पर चर्चा की जाएगी।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 113-5 | 126-9 |
| मेन बाजार | 250-7 | 580-3 |
| मिलन डे | 266-4 | 160-7 |
| मिलन नाइट | 149-4 | 258-5 |

3 9 0

#### 18.66 करोड़ की लागत से बनेगा आधुनिक न्यायाधीश अतिथि गृह

# सर्वोच्च न्यायालय चीफ जस्टिस और मुख्यमंत्री ने किया भूमिपूजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन न्यायिक अधोसंरचना को सुदृढ़ और आधुनिक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए शुक्रवार को लगभग 18.66 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले न्यायाधीश अतिथि गृह का भूमिपूजन एवं शिलान्यास किया।

यह न्यायाधीश अतिथि गृह लगभग 1.947 एकड़ भूमि क्षेत्र में निर्मित किया जाएगा। आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह भवन जी+1 (भूतल एवं प्रथम तल) संरचना में प्रस्तावित है। अतिथि गृह में न्यायाधीशों के ठहरने के लिए आवश्यक सुविधाओं का समुचित प्रावधान किया जाएगा। न्यायाधीश अतिथि गृह के निर्माण से विभिन्न न्यायालयों एवं न्यायिक संस्थानों से उज्जैन आने वाले न्यायाधीशों को बेहतर एवं सुविधायुक्त



आवासीय सुविधा उपलब्ध होगी। समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत को श्री महाकालेश्वर मंदिर की प्रतिकृति भेंट की एवं जिला अभिभाषक संघ द्वारा समारोह में आये सभी न्यायाधीशों को भगवान श्री महाकालेश्वर का छायाचित्र भेंट किया गया। भूमिपूजन एवं शिलान्यास समारोह में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीशगण, जिला न्यायालय के न्यायाधीश एवं प्रशासन व संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



**मुख्य न्यायाधीश ने किए महाकाल के दर्शन-** भारत के मुख्य न्यायाधीश माननीय न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने शुक्रवार को उज्जैन प्रवास के दौरान श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचकर भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन एवं पूजन-अर्चन किए। इस अवसर पर श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं कलेक्टर रौशन कुमार सिंह तथा प्रशासक और अपर कलेक्टर प्रथम कौशिक द्वारा माननीय मुख्य न्यायाधीश का सम्मान किया गया। उन्हें बाबा महाकाल का प्रसाद एवं स्मृति-चिह्न भेंट किया गया। इस दौरान संभागायुक्त आशीष सिंह और पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा भी उपस्थित रहे।

#### चार आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार, टक्कर लगने पर हुआ था विवाद

# मारपीट के बाद कुंए में फेंकी थी युवक की लाश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

टक्कर लगने पर हुये मामूली विवाद में युवक के साथ मारपीट कर कुएं में फेंककर हत्या करने वाले चार आरोपियों को 24 घंटे में गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर मारपीट में प्रयुक्त डंडे, बेल्ट जप्त किये गये है। शनिवार को कोर्ट में पेश किया जायेगा।

भाटपचलाना थाना क्षेत्र के ग्राम खरसौदकला के चौकीदार ललित राठौड ने 6 अगस्त की रात पुलिस को सूचना देकर बताया कि देशी-विदेशी शराब दुकान के पास कुएं में एक युवक लाश पड़ी है। सूचना पर थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी टीम के साथ पहुंचे और जांच शुरू की। मृतक की पहचान कुछ पल बाद अखिलेश पिता करणसिंह चौहान 32 साल निवासी खेड़ानारायण इंगोरिया के रूप में हुई। जानकारी सामने आई कि कुछ दोस्तों के साथ ढाबे पर खाना खाने आया था और शराब दुकान



पर शराब लेने गया था। पुलिस ने जांच को आगे बढ़ाया तो सामने आया कि शराब लेकर जा रहे युवक के साथ चार युवकों ने मारपीट की थी, संभवतः उन्होने कुएं में धक्का देकर मारा है। पुलिस ने युवकों की पहचान के प्रयास शुरू किये। 24 घंटे में खरसौदकला के रहने वाले भंवरसिंह पिता दशरथ सिंह राजपुत, प्रकाश पिता जगदीश चन्द्रवंशी, कमल पिता जगदीश चंद्रवंशी और भरत पिता लक्ष्मण चंद्रवंशी को गिरफ्तार कर लिया।

#### शराब लाते समय टकराया

चारों ने पूछताछ में भंवरसिंह और प्रकाश ने बताया कि दुकान से शराब लाते समय अखिलेश टकरा गया था। जिसके चलते विवाद हुआ था और उन्होने अपने दोनों साथी कमल और भरत को बुलाकर डंडे और बेल्ट से मारपीट की सिर में डंडा लगने पर अखिलेश गिर गया था और वापस नहीं उठा। उसे मरा समझकर कुएं में फेंक दिया था। हत्या का खुलासा होते ही पुलिस ने चारों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 (1), 296 (ए), 3 (5) का प्रकरण दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी के अनुसार मृतक मिस्त्री का काम करता था। आरोपी मजदूरी करते है, जिनका पूर्व में कोई अपराधिक रिकार्ड सामने नहीं आया है। 24 घंटे में मामले का खुलासा कर चारों को गिरफ्तार करने में एसआई कन्हैयालाल मचार, एएसआई सज्जनसिंह बुंदेला, आरक्षक पुष्पराजसिंह, हरिगोविंद सिंह और टीम की भूमिका रही। आरोपियों को शनिवार दोपहर कोर्ट में पेश कर जेल भेजा जायेगा।

## मादक पदार्थ में फरार आरोपी का कोर्ट में समर्पण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मादक पदार्थ मामले में फरार चल रहे आरोपी ने कोर्ट में समर्पण कर दिया। पुलिस उसे पूछताछ के लिये रिमांड पर थाने लाई। आरोपी का पूर्व में एक साथी पकड़ा गया था। तीसरा साथी अब भी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।



चिमनगंज थाना पुलिस ने 19-20 जुलाई की रात सूचना मिलने पर कानीपुरा मार्ग से क्रमांक पीबी 08 बीव्हाय 0652 में सवार अयाज पिता एजाज खान निवासी विराटनगर को 61.60 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया था। मामले में एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज कर रिमांड पर लिया था। पूछताछ में उसने अपने साथी शाहरूख उर्फ सेवड़ा शाह सम्राटनगर और तनवीर उर्फ तन्नु निवासी बेगमबाग से एमडी ड्रग्स लाना बताया था। पुलिस ने अयाज को जेल भेज उसके दोनों साथियों की तलाश शुरू की थी। पुलिस गिरफ्तार कर पाती उससे पहले फरार शाहरूख उर्फ सेवड़ा ने कोर्ट में समर्पण कर दिया। पुलिस ने उसे रिमांड लिया उसने भी तनवीर उर्फ तन्नू से ड्रग्स लाना कबूल किया। पुलिस ने शुक्रवार को शाहरूख को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा दिया। अब तन्नु उर्फ तनवीर की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

#### 1272 लीटर घी में मिलवाट की आशंका

# दौलतगंज-इंदौरगेट की 2 फर्म पर खाद्य सुरक्षा दल की दबिश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन। बाजार में मिलने वाली खाद्य सामग्री को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा लगातार निगरानी रखकर गुणवत्ता की जांच की जा रही है। शुक्रवार को दौलतगंज और इंदौरगेट स्थित 2 फर्म पर दबिश देकर मिलावट की आशंका में 1272 लीटर घी जप्त किया गया।

खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग के अधिकारी बसंतदत्त शर्मा ने बताया कि खाद्य सुरक्षा आयुक्त और कलेक्टर उज्जैन के निर्देश पर दूध एवं अन्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने तिलक मार्ग-दौलतगंज स्थित सेवकराम घनश्यामदास का निरीक्षण किया। यहां धोलपुर फ्रेश प्रीमियम क्वालिटी देसी घी अलग-अलग पैकिंग में पाया गया।। बिलों की जांच में घी की खरीदी इंदौर स्थित भोले बाब मिल्क फूड प्रोडक्ट, 07-बी, उद्योग नगर, नवलखा से होना सामने आया। घी की गुणवत्ता को लेकर संदेह होने पर 1116 लीटर घी, जिसकी कीमत करीब 6 लाख 90 हजार 70 रुपये है, जब्त कर लिया। टीम द्वारा दूसरी कार्रवाई इंदौर गेट स्थित श्री शिवम इंटरप्राइजेस पर की, यहां गोवर्धन प्योर घी एक लीटर और 500



मिलीलीटर की पैकिंग में मिला। दस्तावेजों के अनुसार इसकी खरीदी पराग मिल्क फूड्स लिमिटेड, इंदौर से की गई थी। गुणवत्ता पर संदेह के चलते टीम ने 156 लीटर घी, जिसकी कीमत करीब 1 लाख 20 हजार 372 रुपये है, जब्त किया। दोनों जगह से जप्त घी के नमूने लेकर प्रयोगशाला जांच के लिए भेजे गए हैं।

### क्षीरसागर का नवीन कन्या विद्यालय बनेगा सांदीपनि विद्यालय

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

कानीपुरा रोड स्थित शासकीय नवीन कन्या उ.मा. विद्यालय क्षीरसागर को अब सांदीपनि विद्यालय के रूप में विकसित किया जाएगा। यह महत्वपूर्ण घोषणा उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालुहेड़ा ने शुक्रवार को विद्यालय में आयोजित निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए की। इस दौरान विधायक कालुहेड़ा ने 11 छात्राओं को साइकिलें वितरित कीं और परिसर में 6 लाख रुपये की लागत से पेवर ब्लॉक एवं डोम निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के पूजन के साथ हुआ। संस्था की प्राचार्य श्रीमती सपना गोथवाल ने अतिथियों का स्वागत किया। शासन की महत्वपूर्ण योजना 2026-27 के अंतर्गत विद्यालय की कुल 11 छात्राओं को उनके पालकों की उपस्थिति में निःशुल्क साइकिलें प्रदान की गईं। इस अवसर पर विधायक कालुहेड़ा ने छात्राओं को परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम लाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया।

# हफ्ता वसूली में सरेंडर करने जा रहे युवक पर हमला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

हफ्ता वसूली के मामले में प्रकरण दर्ज होने पर शुक्रवार दोपहर सरेंडर करने थाने जा रहे युवक पर रास्ते में हफ्ता वसूली की शिकायत दर्ज कराने वाले ने अपने भाई और साथियों के साथ मिलकर हमला कर दिया। घायल को उपचार के लिये उज्जैन चरक अस्पताल लाया गया है।

राघवी थाना क्षेत्र के इटावा में रहने वाले तरूण पिता अर्जुन पांचाल 25 साल का कुछ दिन पहले सांवरिया ट्रेवल्स के बस ड्रायवर अर्जुन से विवाद हो गया था। बस ड्रायवर ने हफ्ता मांगने का आरोप लगाकर तरूण के खिलाफ पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस तरूण की तलाश में थी और परिवार से संपर्क कर उसे थाने भेजने की बात कहीं थी। शुक्रवार को तरूण थाने जा रहा था, उसी दौरान माधवपुरा फंटा पर उसे बस ड्रायवर अर्जुन ने अपने भाई और साथियों के साथ रोक लिया। चार



से पांच लोगों ने उस पर हमला किया और घायल हालत में छोड़कर भाग निकले। मामले की खबर मिलते ही पुलिस घटनास्थल पहुंची और आरोपित घायल को उपचार के लिये महिद्पुर अस्पताल पहुंचाया। जहां से उसे उज्जैन रैफर किया गया। चरक अस्पताल में घायल के परिजनों ने आरोप लगाया कि तरूण के घायल होने पर पुलिस आई थी, उसे पहले थाने ले जाया गया, घायल होने पर भी उसके साथ मारपीट की गई और फिर महिद्पुर अस्पताल पहुंचाया। मामले में राघवी थाना प्रभारी विरेन्द्र बंदेवार ने बताया कि परिजनों के आरोप निराधार है, तरूण पर हफ्ता वसूली के 2 प्रकरण के साथ एक जानलेवा हमले का प्रकरण भी दर्ज है। थाना प्रभारी का कहना था कि तरूण को थाने बुलाया गया था, उसकी बहन नवआरक्षक है। रास्ते में उसके खिलाफ शिकायत दर्ज कराने वालों ने मारपीट की है। जिसके चलते मामला जांच में लिया गया है।

#### प्रेमछाया से भटगली मार्ग पर चेंबर निर्माण बना परेशानी का कारण

# गिट्टी और गड्ढे में फंसा लोडिंग वाहन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

प्रेमछाया क्षेत्र से भटगली की ओर जाने वाले मार्ग पर चल रहे चेंबर निर्माण कार्य के चलते वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निर्माण स्थल पर सड़क पर फैली गिट्टी और बने गड्ढों के कारण आवागमन प्रभावित हो रहा है। शुक्रवार सुबह एक लोडिंग वाहन गिट्टी और गड्ढे के बीच फंस गया, जिसके चलते कुछ समय के लिए मार्ग पर आवाजाही भी बाधित हुई।

स्थानीय लोगों और ओमप्रकाश रामी के अनुसार चेंबर निर्माण के दौरान सड़क की खुदाई तो की गई है, लेकिन निर्माण सामग्री



और गिट्टी को व्यवस्थित तरीके से नहीं हटाए जाने के कारण सड़क का हिस्सा खस्ताहाल हो गया है। बारिश के मौसम में गड्ढों में पानी और कीचड़ जमा होने से स्थिति और अधिक परेशानी वाली हो सकती है।

इस मार्ग से प्रतिदिन दोपहिया वाहनों के साथ ही लोडिंग वाहन और अन्य छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। ऐसे में निर्माण स्थल पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने से दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है।

#### निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराया जाए

स्थानीय रहवासियों ने संबंधित विभाग से मांग की है कि निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराया जाए तथा सड़क पर पड़ी गिट्टी और मलबे को हटाकर गड्ढों को समतल किया जाए, ताकि लोगों को आवागमन में परेशानी न हो और किसी बड़े हादसे की स्थिति निर्मित न हो।

वाहन चालकों का कहना है कि चेंबर निर्माण आवश्यक है, लेकिन कार्य के दौरान सड़क को पूरी तरह बाधित करने के बजाय आवागमन के लिए सुरक्षित रास्ता उपलब्ध कराया जाना चाहिए।

## ट्रेन में 1.6 करोड़ की ड्रग के साथ नाइजीरियन महिला गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

रेवेन्यू इंटेलिजेंस डायरेक्टोरेट डीआरआई ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया। सूचना के आधार पर नई दिल्ली से मुंबई जा रही ट्रेन में सवार नाइजीरियन महिला को पकड़ लिया गया। इनपुट पर डीआरआई की टीम ने महिला को 6 अगस्त को रतलाम जंक्शनपर ट्रेन रुकते ही घेराबंदी कर पकड़ा है।

डीआरआई अफसरों ने महिला के ट्रॉली बैग की तलाशी ली तो उसमें एक गुप्त पाकेट मिला। उसी में भूरे रंग का प्लास्टिक पैकेट छिपाकर रखा था। पैकेट खोलते ही उसमें से सफेद क्रिस्टल जैसा पदार्थ निकला। फील्ड टेस्टिंग किट से जांच करने पर वो एम्फेटामिन टाइप ड्रग निकला।

**2 किलो की कीमत 1.6 करोड़-** जब्त ड्रग का वजन 2 किलो है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करीब 1 करोड़ 60 लाख रुपये बताई जा रही है। डीआरआई ने ड्रग को जब्त कर महिला को एनडीपीएस एक्ट 1985 के तहत गिरफ्तार कर लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है।

**नेटवर्क का पता लगा रहे-** डीआरआई के अफसरों का कहना है कि महिला किस नेटवर्क के लिए काम कर रही थी और माल कहां सप्लाई होना था, इसकी जांच की जा रही है। डीआरआई केंद्र सरकार के 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत ड्रग तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रहा है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com